RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम


# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 293 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शनिवार 19 अगस्त 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in




पेज -4 पर — अरुण मालाकार के जिला अध्यक्ष बनने पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं सहित ....

नव मतदाता अभिनंदन समारोह 22 को धरमजयगढ़ में — पेज -8 पर


# अकबर कांग्रेस घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष बनाए गए

## डहरिया को इलेक्शन मैनेजमेंट, धनेंद्र को डिसिप्लिनरी और ताम्रध्वज को प्लानिंग की जिम्मेदारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने अपनी चुनावी समितियों की तीन सूची एक साथ जारी कर दी है। कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने लिस्ट जारी की है। जिसमें घोषणा पत्र समिति की जिम्मेदारी मंत्री मोहम्मद अकबर को दी गई है, इस लिस्ट में 23 लोगों को शामिल किया गया है। इलेक्शन मैनेजमेंट कमेटी में शिव डहरिया को अध्यक्ष बनाया गया है। रामगोपाल अग्रवाल कन्वेयर की भूमिका में रहेंगे। इसमें 7 सदस्य शामिल है। डिसिप्लिनरी एक्शन कमेटी में धनेन्द्र साहू को अध्यक्ष बनाया गया है। 9 सदस्यों को इस लिस्ट में जगह दी गई है। वहीं प्लानिंग एंड स्ट्रैटेजी कमेटी के लिए ताम्रध्वज



साहू को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। 18 कांग्रेस नेताओं के नाम लिस्ट में शामिल हैं। इसके अलावा 11 जिलों के जिला अध्यक्षों की सूची भी जारी की गई है।



ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE

K.C. VENUGOPAL, M.P.
General Secretary

Phone (O) : 011-23019320, 011-23019080
E-mail : kcvenugopal.org@gmail.com, kcvenugopal.in@gmail.com
Website : www.inc.in

24, AKBAR ROAD, NEW DELHI-110 011

18th August, 2023

PRESS RELEASE

Hon'ble Congress President has approved the proposal for the constitution of the following committees in the Chhattisgarh Pradesh Congress Committee, with immediate effect.

Election Manifesto Committee

1. Mohd. Akbar - Chairman
2. Shri Ravinder Chaubey
3. Dr. Shiv Kumar Dahariya
4. Shri Amarjeet Bhagat
5. Shri Umesh Patel
6. Dr. Premsai Singh Tekam
7. Shri Dhanender Sahu
8. Smt Phulo Devi Netam,
9. Shri Shailesh Pandey
10. Shri Arun Vora
11. Shri Shishupal Sori
12. Shri Dwarkadhish Yadav
13. Shri Kunwar Singh Nishad
14. Shri Rajesh Tiwari
15. Shri Chunni Lal Sahu
16. Shri Idrish Gandhi
17. Smt Hema Deshmukh
18. Shri Atal Srivastav
19. Shri Ajay Tirkay
20. Shri Rajender Jaggi
21. Smt Vani Rao
22. Smt Shesh Raj Harbans
23. Shri Akash Sharma

Election Management Committee

1. Dr. Shiv Kumar Dahariya - Chairman
2. Shri Ramgopal Aggarwal - Convener
3. Shri Arun Singhania
4. Shri Rajesh Tiwari
5. Shri Girish Devangan
6. Shri Malkiat Singh Gaidu
7. Shri Gajraj Pagariya

## सस्ते पैकेज में देश के साथ विदेश भ्रमण का झांसा देकर ठगी, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** सस्ते पैकेज में देश के साथ विदेश टूर कराने का झांसा देकर ठगी करने के आरोप में राजेंद्र नगर थाने की पुलिस ने दिल्ली के दो ट्रैवल एजेंसी संचालक जिसमें एक महिला शामिल हैं, को गिरफ्तार किया है । जालसाजों ने रायपुर के एक ट्रैवल्स एजेंसी संचालक के साथ 3 लाख 39 हजार रुपए की ठगी की थी पुलिस के मुताबिक ठगी के आरोप में कंचन कश्यप तथा अनिल शर्मा को रितेश सोनी की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है। रितेश ने पुलिस को बताया है कि, उसका स्पार्क प्लाजा में एक्रॉस ओसियन हॉलिडे की ट्रैवल एजेंसी है । नेपाल, सिंगापुर तथा कश्मीर जाने वाले यात्रियों के लिये वह टिकट करने के साथ उनके रहने



## एक नजर

### शीर्ष नक्सली नेता राजी रेड्डी की बस्तर में मौत

#### शव के पास नक्सलियों के रोने का वीडियो वायरल

**जगदलपुर ।** नक्सल प्रभावित बस्तर से नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी मेंबर राजी रेड्डी की मौत खबर आ रही है। तेलंगाना के करीमनगर जिले का रहने वाला नक्सली नेता राजी रेड्डी पहली पीढ़ी के नक्सली नेताओं में से एक है। राजी रेड्डी की मौत को लेकर एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ नक्सली राजी रेड्डी के शव पास रोते हुए नजर आ रहे हैं। नक्सली नेता राजा रेड्डी ने नक्सली संगठन के विस्तार को लेकर काम किया है। बाद में राजी रेड्डी ने नक्सली संगठन में शीर्ष नेता की जिम्मेदारी संभाली। वर्तमान में केंद्रीय समिति के सदस्य है। राजी रेड्डी ने केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और छत?तीसगढ़ वाले नक?सलियों के दक्षिण पश्चिम क्षेत्रीय ब्यूरो में क्रांतिकारी आंदोलन के प्रभारी के रूप में भी काम किया।

## कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की लिस्ट जारी

# कुमारी सैलजा बनाई गई अध्यक्ष

## सीएम भूपेश, स्पीकर महंत, टीएस सिंहदेव और बैज समेत 7 मंत्रियों के नाम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर कमेटी जारी सूची में कमेटी की अध्यक्ष प्रभारी कुमारी सैलजा को बनाया गया। कमेटी में सीएम भूपेश बघेल और डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव भी शामिल हैं। बता दें कि कमेटी के इस जारी सूची में दीपक बैज समेत 14 नेताओं को जगह मिली है। साथ ही सप्तगिरी शंकर उल्का, चंदन यादव और विजय जांगिड़ को सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा विशेष आमंत्रित सदस्यों में 7 लोगों को जगह दी गई है।



### पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी क्यों महत्वपूर्ण है

पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी चुनाव में कई अहम रणनीति तैयार करती है। कई महत्वपूर्ण राजनीतिक मामलों पर कांग्रेस का स्टैंड तय करने से लेकर तुरंत फैसले लेने के लिए ये कमेटी बनाई गई है। राज्य में घोषणा पत्र में कौन सी बातें शामिल हो सकती है, इसमे अपने सुझाव कमेटी देती है। इसके अलावा किसी सीट में अगर किसी सीट में एंटी इनकंबेंसी की स्थिति है,तब इसे कैसे दूर किया जाए इसके सुझाव देती है। हर सीट के हिसाब से चुनावी रणनीति और मुद्दों के हिसाब से सामने वाली पार्टी को काउंटर किए जाने के सुझाव पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी देती है।

### इन मंत्रियों को नहीं मिली जगह

चुनाव समिति की लिस्ट में शामिल रूद्र गुरु का नाम इस पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की लिस्ट में नहीं है। इसके अलावा मंत्री अमरजीत भगत और मंत्री कवासी लखमा को दोनों ही समितियों में जगह नहीं मिली है। फिलहाल कांग्रेस में जितनी भी लिस्ट आई है, उनमें जातिगत और भौगोलिक समीकरणों का ध्यान रखा गया है। रूद्र गुरू अनुसूचित जाति वर्ग से आते हैं और इस वर्ग से मंत्री शिव डहरिया शामिल हैं। इसी तहर अमरजीत भगत और कवासी लखमा अनुसूचित जनजाति वर्ग से आते हैं और मंत्री मोहन मरकाम और अनिला भेड़िया को इस समीकरण के तहत जगह दी गई है।

### चुनाव समिति के ही ज्यादातर नाम रिपीट

इस कमेटी में कांग्रेस चुनाव समिति के ही ज्यादातर नामों को रिपीट किया गया है। फर्क सिर्फ इतना है कि चुनाव समिति में सीएम, डिप्टी सीएम समेत 8 मंत्रियों को जगह मिली थी लेकिन इस लिस्ट से में 7 मंत्रियों को ही जगह मिली है। मंत्री रूद्र गुरू का नाम गायब है। जबकि ताम्रध्वज साहू, रविन्द्र चौबे, मोहम्मद अकबर, अनिला भेड़िया, जयसिंह अग्रवाल, मोहन मरकाम और शिव डहरिया को जगह दी गई है। पिछली लिस्ट की ही तरह महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के अध्यक्षों को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। साथ ही सेवा दल के मुख्य संयोजक को भी पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी में जोड़ा गया है।

# रानू साहू के खिलाफ चार्ज शीट पेश

## विधायक यादव भी आरोपी

रायपुर ।ईडी ने आईएएस अफसर रानू साहू के खिलाफ आज विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की अदालत में चार्जशीट पेश कर दिया है।







ईडी के अधिवक्ता डॉ सौरभ पांडे ने बताया कि इसमें रानू के साथ भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को भी आरोपी बनाया गया है। इस पर अगली सुनवाई 23 सितंबर को होगी। इससे पहले एक वर्ष पूर्व उजागर हुए कोयले पर लेवी वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी क्रिमिनल रिट पिटिशन दायर किया है। बिलासपुर हाईकोर्ट में दायर रिट में ईडी ने सीबीआई जांच की मांग की है। ईडी के अधिवक्ता डॉ सौरभ पांडे ने बताया कि यह याचिका आज ही दायर की गई है। 550 करोड़ रूपए के इस कोल घोटाले में ईडी ने अब तक आईएएस समीर विश्नोई, रानू साहू, राप्रसे अफसर सौम्या चौरसिया जेडी माइनिंग एसएस नाग और कोल कारोबारी कांग्रेस नेता सूर्यकांत तिवारी समेत आधा दर्जन से अधिक गिरफ्तार किया था। ये सभी न्यायिक रिमांड पर जेल में है। रानू को दो माह पहले गिरफ्तार किया गया था। आज इस मामले में आज रानू के खिलाफ ईडी की चार्ज शीट पेश की गई। डॉ.पांडे ने बताया कि ईडी ने पिछले सप्ताह ही दो हजार करोड़ के शराब घोटाले की जांच भी सीबीआई को सौंपने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।

# बसपा का चुनावी ऐलान, 4 हजार रुपए क्विंटल में धान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव-2023 के मद्देनजर घोषणाओं, ऐलानों और वादों के साथ राजनीतिक पार्टियां चुनावी मैदान में उतर रही है. बहुजन समाज पार्टी चुनाव को लेकर बाकी दलों से एक कदम आगे ही चल रही है. बसपा ने सबसे पहले प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया. पहली सूची में 9 प्रत्याशी की घोषणा के बाद अब बसपा ने चुनावी वादों को लेकर एक बड़ा ऐलान किया है।





बसपा ने किसानों से वादा किया है कि अगर सरकार बनी तो प्रति क्विंटल 4 हजार कीमत पर धान खरीदी होगी. वहीं 3 हजार रुपये में मक्का की खरीदी होगी. साथ ही प्रदेश में शराबबंदी को लेकर भी पहल होगी. बसपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत पोयाम ने लल्लूराम डॉट कॉम से विशेष बातचीत में कहा कि पार्टी की ओर से घोषणा-पत्र जारी नहीं किया जाएगा, लेकिन चुनाव को लेकर हमने कुछ वादे जरूर किए हैं. वहीं पार्टी प्रत्याशियों की ओर से विधानसभा क्षेत्रों के हिसाब से जनता के बीच मुद्दे तय किए जाएंगे.

### फर्जी जाति का मुद्दा

हेमंत पोयाम ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के वादा खिलाफी को लेकर जनता के बीच लेकर जाएंगे. पार्टी की ओर से सबसे बड़ा मुद्दा अनुसूचित जाति-जनजाति पर हो रहे अत्याचार का होगा. छत्तीसगढ़ में फर्जी जाति के सहारे नौकरी का मुद्दा जोर-शोर चुनाव में उठाया जाएगा. शराबबंदी का विषय भी बड़ा है। गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा, इस पर निर्णय पार्टी सुप्रीमो मायावती लेंगी, लेकिन हमारी चर्चा सर्व आदिवासी समाज के साथ चल रही है. सर्व आदिवासी समाज से सहमति बनने पर कुछ सीटों पर गठबंधन हो सकता है. गठनबंधन हुआ तो निश्चित ही फायदा होगा. बसपा बिलासपुर संभाग से जीतती है, लेकिन इस चुनाव में आदिवासी सीटों पर गठबंधन की स्थिति में जीत संभव है.

# चुनाव से पहले 132 युवा कांग्रेसियों के प्रभार में फेरबदल:मोनू



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस के यूथ विंग की जिम्मेदारी भी तय कर दी गई है। जिसे देखते हुए प्रदेश पदाधिकारियों के प्रभार बदले गए हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस की प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव पलक वर्मा और प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने संगठन के पदाधिकारियों के प्रभार की सूची जारी कर सभी को नई जिम्मेदारी सौंपी है।। संगठन ने कुल 132 प्रदेश पदाधिकारियों के प्रभार में बदलाव किया जिसमें महासचिवों को ज़िले व सचिवों को विधानसभावर जिम्मेदारी दी है । जारी की गई लिस्ट में आशीष मोनू अवस्थी को सरगुजा की जिम्मेदारी दी गई है। विधि नामदेव को बस्तर लोकसभा, चंद्रशेखर गढ़पाले को रायपुर लोकसभा, आदिल खेरानी को रायपुर शहर और गुलजेब अहमद को बिलासपुर का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा अनिमेश सिंह को संगठन प्रभारी और कोमल अग्रवाल प्रशासन प्रभारी बनाए गए है। लिस्ट में शामिल सभी 132 पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है।

## राजनीति... बीजेपी में परिवारवाद को लेकर सीएम का तंज

# भांजे को टिकिट मिलने पर रमन,अभिषेक का पत्ता साफ, कांग्रेस में टिकिट की प्रजातांत्रिक प्रक्रिया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बीजेपी के 21 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी किए जाने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसा है। सीएम ने कहा कि लिस्ट आने पर तीन बातें सामने आई है, पहला पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा का पत्ता साफ हो गया है। दूसरा ये कि लोगों पर कहर बरपाने वाले पूर्व आईएएस ओपी चौधरी को खरसिया से टिकट नहीं मिली और तीसरी चौंकाने वाली बात ये रही कि



बीजेपी कहती है कि परिवारवाद नहीं चलेगा लेकिन खैरागढ़ से विक्रांत सिंह को टिकिट दी गई है, जो रमन सिंह के भांजे हैं, ऐसे में अब शायद रमन सिंह और अभिषेक सिंह को टिकिट ना मिले।

### कांग्रेस में टिकिट की प्रजातांत्रिक प्रक्रिया

कांग्रेस में प्रत्याशियों के नाम जारी किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमारी पहली बैठक हुई है, अब 17 से 22 अगस्त तक ब्लॉक में आवेदन करना है, मैं भी करूंगा उसके बाद फिर जिले की बैठक होगी और फिर प्रदेश की।

उन्होंने कहा कि हम लोग खुले तौर पर बात कर रहे हैं लेकिन उनके मंडल की,जिला की और प्रदेश की बैठक कब हो गई, कब अनुशंसा कर दी गई। ये किसी को पता नहीं चला। सीएम ने कहा कि कांग्रेस में कम से कम प्रजातांत्रिक प्रक्रिया से जिसको आवेदन करना है, वे कर सकते हैं।

### इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाले होगी कार्रवाई

इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाले में कथित तौर पर बीजेपी नेता रामविचार नेताम का भी नाम सामने आया था, इसके बाद उन्हें टिकट दिए जाने पर सीएम भूपेश ने कहा कि उसमें बहुत सारे लोगों के नाम हैं, पैसा वसूली भी शुरू हो गयी है। मेहनतकश किसान,व्यापारी हैं और बाड़ी,सब्जी का व्यवसाय करने वालों का पैसा वहां लगा था लेकिन ये लोग वापस नहीं कर रहे थे अब हमारी सरकार ने वो पैसा जमा होने लगाया और दो किस्तों में 78 लाख रुपए वापस आ गए।

# सोशल मीडिया पर वायरल हुआ सामान्य प्रशासन का आदेश

**रायपुर।** सोशल मीडिया में प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों के संबंध में एक आदेश वायरल हुआ है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने बताया कि यह फर्जी आदेश है। यह आदेश सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया में एक फर्जी आदेश वायरल हुआ है जिसमें कहा गया है कि राज्य शासन के विभिन्न विभाग के पदों में विशेष भर्ती अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों की विभागीय





परीक्षा में अनुतीर्ण विद्यार्थियों को द्वितीय अवसर दिया जाएगा।

डा. सिंह ने बताया कि इस फर्जी आदेश में यह लिखा है कि विभागवार परीक्षा में 205 अभ्यर्थी शामिल हुए जिसमें 182 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए और शेष 23 अनुत्तीर्ण हुए। अनुत्तीर्ण अभ्यर्थियों को परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि से 15 दिवस के भीतर द्वितीय अवसर प्रदान करते हुए अंतिम परीक्षा परिणाम 20 नवंबर तक घोषित कर परिणाम की एक प्रति कार्यालय को उपलब्ध कराएं। डॉ. सिंह ने बताया कि यह आदेश पूरी तरह से फर्जी है और इसमें मनगढ़ंत बात लिखी है जिसका खंडन विभाग द्वारा किया जाता है।

# सियासतः विपक्ष में विचारों की कमी, आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति के बजाय देशहित हो सर्वोपरि

प्रबंधन गुरु माइकल पोर्टर के मुताबिक, किसी भी रणनीति का मूल तत्व यह चुनना होता है कि क्या नहीं करना है। कुछ साल पहले एक कामयाब एंटरप्रैन्योर ने अनौपचारिक बातचीत में कुछ न करने की रणनीति के भारतीय तर्क के बारे में बताया। इससे पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव की वह मशहूर उक्ति भी याद आती है कि, निर्णय न लेना भी एक निर्णय होता है। एंटरप्रैन्योर को उसके पिता से मिली सीख का सार यह था कि विरोधी हमेशा आपकी बुद्धिमत्ता और सही काम करने की क्षमता पर संदेह करेंगे।

लेकिन किसी भी तरह के प्रलोभन में फंसना और कुछ कर या कहकर संदेह को सही साबित करना बड़ी भूल साबित हो सकता है। भारत के विपक्षी राजनीतिक दलों के गठबंधन इंडिया का मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला कुछ ऐसा ही था।

इस पूरी कसरत ने इंडिया समूह के अनुयायियों और उनके समर्थकों के सबसे भयावह डर को सामने ला दिया। दूसरी ओर, नरेंद्र मोदी ने इस पूरी प्रक्रिया को 2024 के अपने चुनावी अभियान के शुभारंभ में तब्दील कर दिया। गौरतलब है कि विपक्षी दलों का गठबंधन पिछले काफी समय से लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने, महंगाई के मुद्दे की अनदेखी करने और ध्रुवीकरण के बढ़ते खतरे जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है। पर अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान विपक्षी दलों की खराब रणनीति, राजनीतिक कौशल व तैयारी की कमी और आरोप लगाने की प्रक्रिया के बुनियादी तरीके को लेकर अनभिज्ञता साफ झलक रही थी। विपक्षी गठबंधन का दावा है कि अविश्वास प्रस्ताव ने प्रधानमंत्री को संसद में आकर बोलने के लिए मजबूर किया है। हालांकि उसका यह भी आरोप है कि प्रधानमंत्री ने मणिपुर पर सिर्फ दो मिनट बोला और उसके बाद भी कई महत्वपूर्ण सवालों पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। रणनीति कितनी ही प्रभावशाली क्यों न हो, उसके नतीजे ही मायने रखते हैं। नेपोलियन ने एक बार अपनी सेना से कहा था कि जब दुश्मन गलती कर रहा हो, तब हस्तक्षेप न करना ही बेहतर होता है। सवाल उठता है कि क्या विपक्षी दलों के उद्देश्य कुछ न करने की रणनीति से ज्यादा बेहतर ढंग से पूरे हो सकते थे? बेंजामिन




फ्रेंकलिन की एक कहावत है कि अगर आप तैयारी करने में असफल रहे हैं, तो इसका मतलब है कि आप विफल होने की ही तैयारी कर रहे हैं। विपक्षी दलों की तैयारी कितनी पुख्ता थी? 2018 के अविश्वास प्रस्ताव के दौरान प्रधानमंत्री ने विपक्षियों को धन्यवाद देते हुए अपनी बात रखी थी। तब उन्होंने भुवनेश्वर प्रसाद दीक्षित की पंक्तियों के जरिये विपक्षियों की खराब तैयारी पर निशाना साधा था।

> **देशहित में विपक्ष केवल यह न दर्शाए कि वह सरकार के खिलाफ है, बल्कि यह भी बताए कि आखिर वह चाहता क्या है। सिर्फ आलोचना करने के बजाय वह यह भी सुझाए कि किसी काम को बेहतर कैसे किया जा सकता है।**

2023 में उन्होंने भगवान और विपक्षी दलों को धन्यवाद देते हुए एक दूसरे कवि की पंक्तियों की मदद से गठबंधन की दरारों को उजागर किया और 2028 में फिर से कोशिश करने के लिए आमंत्रित किया। मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधने के लिए मौके का पूरा फायदा उठाया। उन्होंने अपने द्वारा पारिभाषित भारत के राजनीतिक इतिहास की भूलों को गिनाया, चाहे वह 1966 में मिजोरम में इंदिरा गांधी के कृत्य हों या फिर कानून-व्यवस्था लागू करने में उनकी नाकामी। कांग्रेस पर निशाना साधने का मकसद भारत के समग्र राजनीतिक भूगोल को एक संदेश देना था। 2019 के चुनाव में 180 से ज्यादा सीटों पर कांग्रेस के खिलाफ भाजपा ने 91 फीसदी से ज्यादा सीटें जीती थीं। वह उस रिकॉर्ड को दोहराना चाहेगी। दूसरी ओर, विपक्ष के हमले में न धार थी, न फोकस था। 18 राजनीतिक दलों में जो सांसद अच्छे वक्ता थे, उन्हें सामने नहीं लाया गया। भारत जोड़ो यात्रा के बाद एक बार फिर से उभरे और हाल ही में सांसद के तौर पर बहाल हुए राहुल गांधी को असहमति की आवाज का नेतृत्व की भूमिका के लिए चुना गया, ताकि वह अविश्वास प्रस्ताव के औचित्य को समझा पाएं। उन्होंने जोश तो दिखाया, फिर भी वह भटके हुए दिखे। दूसरे विपक्षी दल भी बिखरे थे और नारेबाजी करते रहे। इंडिया गठबंधन का कहना था कि अविश्वास प्रस्ताव सरकार पलटने के लिए नहीं, बल्कि धारणा की लड़ाई जीतने के लिए लाया गया था। सवाल उठता है कि क्या यह हो पाया। भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार कामयाबी के कई दावे कर रही है, लेकिन उन्हें सवालों के जवाब भी देने होंगे। विपक्ष सरकार पर आरोप लगाता रहा है कि महिलाओं पर हमले लगातार बढ़ रहे हैं। यह भी कि समुदायों को बांटने वाले नफरती अभियानों पर सरकार मौन बनी हुई है। विपक्ष यह भी कहता आया है कि सरकार महंगाई पर काबू पाने में, बेरोजगारी की समस्या से निपटने में, शहरों में बार-बार आने वाली बाढ़ों व इनसे होने वाली मुश्किलों को कम करने में और न्यायालयों में लंबित मामलों के 5.02 करोड़ के ऐतिहासिक आंकड़े तक पहुंचने जैसी समस्याओं से निपटने में नाकामयाब रही है। अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले विपक्ष को इन सभी पर समग्र ढंग से अपनी बात कहनी चाहिए थी, पर ऐसा हो नहीं पाया। आज के इंटरनेट युग में %धारणा% की लड़ाई जीतने के लिए नई तरह की राजनीति जरूरी है। भाजपा इसके लिए आधुनिक तकनीकों का प्रयोग करती है।

शंकर अय्यर

## संपादकीय

### जब बात बिगड़ती है

स्वतंत्रता दिवस पवित्र मौका है। लेकिन इस दिन राजनीतिक विमर्श के गिरते स्तर की मिसालें खूब देखने को मिलीं। लाल किले से प्रधानमंत्री ने राष्ट्र नेता के बजाय अपनी पार्टी के नेता के रूप में देश को संबोधित किया, तो विपक्ष ने उन पर बदनीयती का आरोप मढ़ दिया। राजनीतिक संवाद अगर देश के प्रति एक दूसरे की निष्ठा पर संदेह जताने और बदजुबानी तक पहुंच जाए, तो उसे लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी माना जाना चाहिए। दुर्भाग्य से भारत में अब बात इसी मुकाम पर पहुंचती नजर आ रही है। एक समय था, जब प्रधानमंत्री पूरे राष्ट्र की तरफ से बोलते थे और विपक्ष प्रधानमंत्री की आलोचना करने का अपना कर्त्तव्य जरूर निभाता था, लेकिन सार्वजनिक विमर्श में उनके प्रति आदर का भाव का बना रहता था। लेकिन हाल के वर्षों में ये परंपरा टूटने का ऐसा सिलसिला चला कि अब राजनीतिक संवाद में खुल कर अपशब्दों का भी इस्तेमाल होने लगा है। स्वतंत्रता दिवस एक पवित्र मौका है। लेकिन इस दिन विमर्श के गिरते स्तर की मिसालें खूब देखने को मिलीं। लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक राष्ट्र नेता के बजाय अपनी पार्टी के नेता और उसकी विचारधारा के प्रतिनिधि के रूप में देश को संबोधित किया। विपक्षी दलों पर उन्होंने भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण की नीति पर चलने का इल्जाम मढ़ा। तो उसका जवाब उन्हें कांग्रेस के एक सख्त बयान से मिला। कांग्रेस ने मोदी पर दुर्नीति और अन्याय के रास्ते पर चलने का आरोप तो लगाया ही, साथ ही उन पर बदनीयती के करने का आरोप भी मढ़ दिया। मतलब कांग्रेस मानती है कि प्रधानमंत्री की नीयत ही ठीक नहीं है। इसके ठीक पहले तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ'ब्रायन का एक वीडियो मैसेज वायरल हो चुका था, जिसमें उन्होंने सीधे मोदी को संबोधित करते हुए उन्हें फ्रॉड (दग़ाबाज) कहा है।

# तकनीकः पाइरेसी के विरुद्ध पहल, कानून में बदलाव से अंकुश लगने की उम्मीद

फिल्म गदर 2 रिलीज होने के दिन ही ऑनलाइन लीक हो गई। फिल्म का एचडी प्रिंट विभिन्न टोरेंट साइट्स पर रिलीज कर दिया गया। यह फिल्म तमिल रॉकर्स, टेलीग्राम, फिल्मजिला और मूवीरुल्ज जैसी पाइरेसी वेबसाइट्स पर उपलब्ध है। पूरी दुनिया में पाइरेसी (गैर कानूनी नकल) एक बड़ी समस्या है और इंटरनेट ने इसे और भी जटिल बना दिया है। सॉफ्टवेयर पाइरेसी से शुरू हुआ यह सफर फिल्म, संगीत, धारावाहिकों तक पहुंच गया है।

इंटरनेट के आगमन ने इसमें तेजी ला दी है। हमारे देश में इंटरनेट का प्रसार बहुत तेजी से हो रहा है। साथ ही ऑनलाइन पाइरेसी का कारोबार भी उच्च गति वाले इंटरनेट स्मार्टफोन के जरिये हाथोंहाथ पहुंच रहा है। पाइरेसी के काम में संलिप्त कई वेबसाट्स उपभोक्ताओं को दूसरों के द्वारा तैयार सामग्रियां मुफ्त में उपलब्ध कराती हैं और अपनी वेबसाइट्स पर आने वाले ट्रैफिक के जरिये विज्ञापनों से कमाई करती हैं। इस तरह मूल निर्माताओं तक उन सामग्रियों की कुल कमाई नहीं पहुंच पाती है। ऑडियोक्ष्वीडियो कंटेंट को मुफ्त में पाने के लिए लाइव स्ट्रीमिंग का सहारा लिया जा रहा है, क्योंकि इंटरनेट की गति बढ़ी है।

यूट्यूब जैसी वीडियो वेबसाइट कॉपीराइट जैसे मुद्दों के प्रति संवेदनशील है। इसलिए वह पाइरेटेड वीडियो को तुरंत अपनी साइट से हटा लेती है, लेकिन इंटरनेट पर लाखों ऐसी वेबसाइट्स हैं, जो पाइरेटेड ऑडियो-वीडियो कंटेंट उपभोक्ताओं को उपलब्ध करा रही हैं। जेलर और पठान



**पाइरेसी से निपटने के लिए सिनेमैटोग्राफ संशोधन बिल, 2023 में कुछ नए प्रावधान जोड़े गए हैं। देखना है कि यह इस पर कितना अंकुश लगा पाता है।**

जैसी फिल्में भी लीक हो गईं। दक्षिण भारत में तमिल रॉकर्स जैसी पाइरेसी साइट्स ने कोहराम मचा रखा है। इसे जैसे ही ब्लॉक किया जाता है, यह यूआरएल बदलकर फिर से काम करने लगती है। पाइरेसी के कारण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री को सालाना 20 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। वैश्विक सलाहकार फर्म अंकुरा की एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में टोरेंट साइटों के जरिये सात अरब से अधिक विजिट के साथ कंटेंट पाइरेसी वेबसाइटों पर विजिट करने के मामले में अमेरिका और रूस के बाद भारत तीसरे स्थान पर है। संगीत, फिल्मों, सॉफ्टवेयर और किताबों की पाइरेसी में व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे मेसेजिंग एप ने स्थिति और गंभीर बना दी है, जो पाइरेटेड सामग्रियों वाले टोरेंट साइट्स या एग्रीगेटर एप्स के बारे में जानकारी प्रसारित करते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, पाइरेसी वेबसाइटों पर आने वाले कुल ट्रैफिक में टीवी सामग्री का हिस्सा 46.6 प्रतिशत था, इसके बाद प्रकाशन सामग्री (किताबें) का योगदान 27.80 प्रतिशत रहा। फिल्म पाइरेसी 12.40 प्रतिशत तक पहुंच गई है, इसके बाद संगीत और सॉफ्टवेयर पाइरेसी का हिस्सा क्रमशः सात प्रतिशत और 6.20 प्रतिशत है।

भारत में वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पाइरेसी के कारण कुल राजस्व का 25-30 प्रतिशत हिस्सा गंवा रहे हैं। सरकार ने इससे निपटने के लिए सिनेमैटोग्राफ संशोधन बिल, 2023 में कुछ नए प्रावधान जोड़े हैं। इस विधेयक का उद्देश्य 'पाइरेसी' की समस्या पर अंकुश लगाना है। इसमें फिल्म की पाइरेसी करने वालों को तीन महीने से लेकर तीन साल की जेल हो सकती है। साथ ही, फिल्म निर्माण लागत का पांच प्रतिशत जुर्माना भी भरना होगा। फिल्म को गैरकानूनी तरीके से दिखाना या फिर इसकी गैर कानूनी रिकॉर्डिंग भी अपराध की श्रेणी में आएगी।

सिनेमैटोग्राफ अधिनियम, 1952 में अंतिम महत्वपूर्ण संशोधन वर्ष 1984 में किया गया था। नए प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों के कारण अब कई कानून प्रासंगिक नहीं रह गए हैं। कॉपीराइट अधिनियम, 1957 जैसे मौजूदा कानूनों में कई समस्याएं हैं और वे पर्याप्त कठोर नहीं हैं, जिससे अपराधियों को दंडित करना मुश्किल हो जाता है। राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) नीति, 2016 सहित नए कानूनों का पालन और साइबर डिजिटल अपराध इकाइयों की स्थापना अब भी प्रारंभिक चरण में है। पर्याप्त कानूनों के अभाव में अदालतें पाइरेसी के मामले में कुछ खास नहीं कर पाती हैं। सिनेमैटोग्राफ संशोधन बिल, 2023 पाइरेसी की समस्या पर कितना अंकुश लगा पाएगा, यह देखने वाली बात होगी।

– मुकुल श्रीवास्तव

## मिला जुला

### एक नजर

#### 'बाद में आया इस्लाम, सब हिंदू से ही कन्वर्ट हुए'

**गुलाम नबी आजाद के बयान पर वीएचपी, बजरंग दल और ओवैसी की पार्टी ने क्या कहा**



जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने हाल ही में कहा था कि ज्यादातर मुसलमान हिंदू धर्म से ही कन्वर्ट हुए हैं. उनकी इस टिप्पणी के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं. इसी क्रम में विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) और बजरंग दल ने इसका स्वागत किया है. समाचार एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने कहा कि आजाद का बयान एक संकेत हैं और हिंदुत्व संगठनों के रुख के अनुरूप है. उन्होंने कहा, फ़गुलाम नबी आजाद का बयान एक अनुकूल संकेत है क्योंकि बजरंग दल भी लंबे समय से कहता रहा है कि देश में मुस्लिम और ईसाई हिंदू धर्म से परिवर्तित हो गए हैं. वहीं, विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के केंद्रीय संगठन महासचिव विनायकराव देशपांडे ने कहा, फ़मैं गुलाम नबी आज़ाद के उस बयान का स्वागत करता हूं जिसमें उन्होंने कहा था कि हिंदू धर्म इस्लाम से भी पुराना है और कश्मीरी मुसलमान हिंदू थे.

#### अनुच्छेद-370 हटाने के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर 7वें दिन बहस

## अनुच्छेद 370 खत्म करने में संवैधानिक उल्लंघन पाया गया तो देंगे दखल- सुप्रीम कोर्ट

**जम्मू-कश्मीर** मामले पर सुनवाई के 7वें दिन सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि क्या आप अनुच्छेद-370 खत्म करने की केंद्र की मंशा का आकलन करने को न्यायिक समीक्षा चाहते हैं? अदालत ने कहा कि न्यायिक समीक्षा के दौरान यदि उसमें कोई उल्लंघन पाया गया तो? यह अदालत हस्तक्षेप भी करेगी। संविधान पीठ ने यह टिप्पणी करते हुए कहा कि क्या आप हमसे अनुच्छेद-370 निरस्त करने के सरकार के निर्णय के अंतर्निहित विवेक की न्यायिक समीक्षा करने को कह रहे?

मुख्य न्यायाधीश डी.वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, संजीव खन्ना, बी.आर. गवई और सूर्यकांत की संविधान पीठ ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाने के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर 7वें दिन की बहस के दौरान यह सवाल किया। इसका जवाब देते हुए याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने कहा कि 'मैं संविधान के साथ की गई धोखाधड़ी की बात कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि इस मामले में सत्ता का संसदीय प्रयोग पूरी तरह से सत्ता के रंग में रंगा हुआ था।




**भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में अनुच्छेद-370 हटाने का वादा किया था - दवे**

वरिष्ठ अधिवक्ता दवे ने संविधान पीठ से कहा कि केंद्र की सत्ता में बैठी भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाने का वादा किया था।' दवे ने कहा कि शीर्ष कोर्ट ने फैसला दिया था कि राजनीतिक दलों के ये घोषणापत्र संवैधानिक योजना और भावना के खिलाफ नहीं हो सकते। दवे ने शीर्ष न्यायालय में कहा कि 'राष्ट्रपति कोई रबर स्टांप नहीं है.. बहुमत बोलता नहीं.. वह कोई घटक शक्ति नहीं है।' उन्होंने कहा कि केंद्र की ओर से जम्मू कश्मीर में विकास व अन्य बातें करना कोई मायने नहीं रखता। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद-370 हटाना ओर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करना पूरी तरह से राजनीतिक फायदे के लिए किया गया है।

**अनुच्छेद-370 खत्म किया जाना कानूनी शक्ति का दुरुपयोग- वरिष्ठ अधिवक्ता**

वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 खत्म किए जाने को कानूनी शक्ति का दुरुपयोग बताया। दवे ने संविधान पीठ के समक्ष बेरुबारी संघ वाद मामले में शीर्ष न्यायालय के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि अनुच्छेद-370 इसी का प्रतिबिंब है। दवे ने पीठ से कहा कि 'मुझे पिछले कई दिनों तक अधिवक्ता प्रशांत भूषण द्वारा इस बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बस इसका उल्लेख करना उचित समझा, वह मेरी सहायता कर रहे हैं।' बेरूबारी संघ वाद मामले में शीर्ष न्यायालय ने प्रस्तावना को संविधान का भाग मानते हुए कहा था कि संसद को इसमें संशोधन का अधिकार नहीं है।

## हिमाचल में 55 दिन में 113 लैंडस्लाइड, 330 की मौत

**स्टेट डिजास्टर घोषित, छत्तीसगढ़ सीएम 11 करोड़ रुपए देंगे**



**हिमाचल** प्रदेश में पिछले एक हफ्ते से भारी बारिश जारी है। इस मानसून सीजन 55 दिनों में 113 बार लैंडस्लाइड हुई। बारिश और लैंडस्लाइड से जुड़ी घटनाओं में 330 लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच शुक्रवार को राज्य सरकार ने स्टेट डिजास्टर घोषित करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कुछ देर में इसकी नोटिफिकेशन जारी कर दी जाएगी। स्टेट डिजास्टर घोषित होने के बाद प्रदेश में राहत एवं बचाव कार्य में तेजी आ सकेगी। सरकार ज्यादा फोकस के साथ तबाह हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर को दोबारा बनाने की दिशा में काम करेगी। इसके लिए सरकार को अतिरिक्त फंड का भी प्रावधान करना होगा।

छत्तीसगढ़ सरकार ने हिमाचल के लिए 11 करोड़ रुपए सहायता राशि देने का ऐलान किया है। राज्य आपदा अधिकारियों के मुताबिक, हिमाचल में इस सीजन बारिश के चलते 10 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। हिमाचल में लैंडस्लाइड संभावित क्षेत्र बढ़कर 17,120 हो गए हैं। इनमें भी 675 के किनारे इंसानी बस्तियां हैं। शिमला में कई सरकारी भवन भूस्खलन के खतरे की जद में हैं।

#### निचली अदालत और हाईकोर्ट के फैसले को पलटा

## डबल मर्डर केस में आरजेडी नेता प्रभुनाथ सिंह सुप्रीम कोर्ट में दोषी



**बिहार।** आरजेडी के बाहुबली नेता और पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। 1995 के एक डबल मर्डर केस में निचली अदालत और हाईकोर्ट से रिहाई के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने आरजेडी के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह को 1995 के एक डबल मर्डर केस में दोषी करार दे दिया है जिसमें उन्हें निचली अदालत से रिहाई मिल गई थी और पटना हाईकोर्ट ने भी उस रिहाई को सही ठहराया था। सुप्रीम कोर्ट में तीन जजों की बेंच ने 1995 के चुनाव में प्रभुनाथ सिंह के कहे अनुसार वोट नहीं करने पर छपरा के मसरख में राजेंद्र राय और दारोगा राय की हत्या के केस में पूर्व सांसद को दोषी ठहराते हुए सजा पर बहस के लिए एक सितंबर की तारीख तय की है। कोर्ट ने बिहार के चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी को प्रभुनाथ सिंह को पेश करने कहा है जो इस समय एक दूसरे मर्डर केस में जेल में ही सजा काट रहे हैं। बिहार की महाराजगंज लोकसभा सीट से तीन बार जेडीयू और एक बार आरजेडी के टिकट पर सांसद रह चुके प्रभुनाथ सिंह पर 1995 में मसरख के एक मतदान केंद्र के पास तब 47 साल के दारोगा राय और 18 साल के राजेंद्र राय की हत्या का आरोप था। आरोप था कि दोनों ने प्रभुनाथ सिंह समर्थित कैंडिडेट को वोट नहीं दिया इसलिए उनकी हत्या कर दी गई। मृतक के भाई द्वारा गवाहों को धमकाने की शिकायत के बाद इस केस को छपरा से पटना ट्रांसफर कर दिया गया जहां इसका ट्रायल हुआ।

### अररिया में पत्रकार की हत्या से सीएम नीतीश कुमार दुखी, अधिकारियों को कार्रवाई का दिया आदेश

बिहार के अररिया जिले में अपराधियों ने घर से बुलाकर पत्रकार की सीने में गोली मारकर हत्या कर दी. इसके बाद चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. इस घटना के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुख जताया है. सीएम ने कहा है कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है. साथ ही मुख्यमंत्री ने इस घटना को लेकर अधिकारियों से इस पर गौर करने को कहा है. सीएम ने कार्रवाई का आदेश दिया है. पत्रकार की हत्या के बाद उनके परिजनों के बीच कोहराम मचा है. जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेम नगर साधु आश्रम वार्ड संख्या पांच में शुक्रवार के अहले सुबह अज्ञात अपराधियों ने घर से बुलाकर पत्रकार विमल यादव उर्फ पप्पू को सीने में गोली मार दी. गोली की आवाज सुनते ही आस-पास के ग्रामीण पहुंच गए, जिसको देखते ही अपराधी भाग खड़े हुए.

#### 25 अगस्त को सुनवाई होगी; तेजस्वी बोले-चुनाव तक ये लोग लगातार तंग करेंगे

## लालू यादव की जमानत रद्द कराने सुप्रीम कोर्ट पहुंची सीबीआई


**पटना।** चारा घोटाला केस में राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की जमानत रद्द कराने के लिए CBI ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका मंजूर कर ली है। इस पर 25 अगस्त को सुनवाई होगी।



जांच एजेंसी ने झारखंड हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। CBI ने याचिका में कहा है कि झारखंड हाईकोर्ट के जमानत के आदेश का आधार गलत है। लालू यादव ने सजा के मुताबिक समय जेल में नहीं बिताया है।

## निजी संपत्ति पर मंदिर बनाने से धार्मिक भावनाएं नहीं हो सकतीं आहत, संविधान ने दिया है अधिकार : इलाहाबाद हाईकोर्ट

**अपनी** निजी संपत्ति पर मंदिर बनाने के अधिकार को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है, जिसमें हाईकोर्ट ने कहा कि निजी संपत्ति पर मंदिर बनाने का



अधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 के तहत दिया गया है. हाईकोर्ट में जिला मजिस्ट्रेट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी।

# कलेक्टर ने गारमेंट फैक्ट्री की महिलाओं हेतु बस को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

### कार्यरत युवतियों ने कलेक्टर को जताया आभार, अब तक 48 करोड़ रुपये बाजार मूल्य के 40 लाख से अधिक कपड़ों का किया उत्पादन






**कोण्डागांव।** कलेक्टर दीपक सोनी ने कोंडानार गारमेंट फैक्ट्री में कार्यरत महिलाओं के परिवहन लिए बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर सभी कार्यरत महिलाओं एवं युवतियों ने कलेक्टर का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने इस अवसर पर बस को रवाना करते हुए यहां कार्यरत महिलाओं एवं युवतियों से चर्चा की। जिस पर महिलाओं ने फैक्ट्री में व्यवस्थाओं पर खुशी व्यक्त की और बताया कि उन्हें समय पर वेतन भी प्राप्त हो रहा है।

इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जिले की महिलाओं को रोजगार प्रदान करने और उनमें आत्म विश्वास जगाने की विशेष पहल के रूप में कोंडानार गारमेंट फैक्ट्री को प्रारंभ किया गया है। यहां विख्यात कम्पनी के साथ एमओयू कर कपड़ों का उत्पादन किया जा रहा है। यहां कार्यरत महिलाओं एवं युवतियों के द्वारा कई दिनों से बस सुविधा की मांग की गयी थी। जिसे देखते हुए किराये पर बस उपलब्ध करायी गयी है। जिससे अब महिलाओं को आने जाने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होगी। ज्ञात हो कि कोण्डागांव के डोंगरीगुड़ा में स्थित गारमेंट फैक्ट्री में आस पास के गांवों और नगरीय क्षेत्र की 318 से अधिक महिलाएं कार्यरत हैं। जिन्हें आने जाने में समस्या होती थी जिसको लेकर उन्होंने कलेक्टर के समक्ष मांग रखी थी। जिसको पूरा करते हुए गारमेंट फैक्ट्री में बस की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वर्तमान में आवश्यकता अनुसार यह बस चिखलपुट्टी, कोण्डागांव शहर, पलारी, डोंगरीगुड़ा, बफना में संचालित की जा रही है। आवश्यकता अनुसार रूट में परिवर्तन भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि फरवरी 2022 में फैक्ट्री का संचालन प्रारम्भ किया गया था। जहां वर्तमान में 318 महिलायें कार्यरत हैं। जिनके द्वारा अबतक 48 करोड़ रुपये बाजार मूल्य के 40 लाख से अधिक कपड़ों का उत्पादन किया जा चुका है। सभी महिलाओं को मिलाकर प्रति माह मानदेय के रूप में कुल 18.44 लाख रुपये प्रदान किये जा रहे हैं और अब तक मानदेय के रूप में 2.5 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इन महिलाओं की प्रतिवर्ष मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि भी की जा रही है। जिसका लाभ इस वर्ष एक साल पूर्ण करने वाली 109 महिलाओं को दिया गया है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अंकित चौहान, जिला रोजगार अधिकारी पवन नेताम, एपीओ पुनेश्वर वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी ने महापौर के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव का सम्मिलन आहूत की 29 अगस्त को

**जगदलपुर।** कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. द्वारा छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 23(क) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगरपालिक निगम जगदलपुर महापौर श्रीमती सफीरा साहू के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव का सम्मिलन आहूत किया गया है। सम्मिलन 29 अगस्त को दोपहर 3 बजे जिला कार्यालय के प्रेरणा हॉल में होगी।

### कलेक्टोरेट में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती हेतु अनुमोदित सूची जारी

#### 31 अगस्त तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**जगदलपुर।** सचिव छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के निर्देश के परिपालन में कलेक्टोरेट में जिला स्थापना अंतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्रेस विज्ञाप्ति 26 मई 2023 द्वारा जारी किया गया था। इस हेतु जिला स्तरीय भर्ती हेतु गठित चयन समिति द्वारा प्रोसेस सर्वर, फर्राश एवं अर्दली के रिक्त पदों के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की कम्प्यूटराईज्ड सूची का अवलोकन उपरांत दावा-आपत्ति आमंत्रित किये जाने हेतु समिति द्वारा अनुमोदित सूची का प्रकाशन किया गया है। अभ्यर्थी जिले की वेबसाईट baster.gov.in एवं जिला कार्यालय के सूचना पटल पर उक्त सूची का अवलोकन कर सकते हैं। यदि किसी अभ्यर्थी को सूची में दर्शित प्रविष्टियों के संबंध में किसी प्रकार की दावा-आपत्ति हो तो वे पंजीबद्ध डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही 31 अगस्त 2023 को दोपहर 2 बजे तक जिला कार्यालय जगदलपुर में अपना अभ्यावेदन आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। कोरियर अथवा अन्य माध्यम से प्रस्तुत किये गये दावा-आपत्ति मान्य नहीं होगा। उक्त नियत तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

### अनुज राईस मिल हल्बा कचोरा जगदलपुर में अनियमितता पाये जाने पर जप्त चांवल एवं धान सहित एफडीआर राजसात

**जगदलपुर।** खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा छत्तीसगढ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मेसर्स अनुज राईस मिल हल्बा कचोरा जगदलपुर में 9 फरवरी 2023 को जांच के दौरान 3639 क्विंटल धान कम पाये जाने एवं धान एवं चांवल के स्टाक से संबंधित पंजियों का संधारण नहीं किये जाने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चांवल उपार्जन आदेश 2016 का स्पष्ट उल्लंघन किये जाने के संबंध में प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण की विधिवत सुनवाई करते हुये कस्टम मिलिंग हेतु राईस मिलर्स को जो धान प्रदाय किया गया था, उक्त धान की मात्रा निरीक्षण के दौरान नहीं पाई गई तथा उस अनुपात में जो चांवल जमा कराया जाना था उक्त चांवल को भी निर्धारित समयावधि तक पूर्ण रूपेण जमा नहीं कराये जाने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 7 एवं छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चांवल उपार्जन आदेश 2016 की धारा 10 के तहत अनावेदक श्रीमती प्रतिभा देवागंन पति श्री प्रदीप देवागंन मेसर्स अनुज राईस मिल निवासी हल्बा कचोरा जगदलपुर से जप्त किये गये 200 क्विंटल धान एवं 487 क्विंटल चावल को राजसात किये जाने का आदेश पारित किया गया है तथा जमा हेतु शेष चांवल 2341 क्विंटल निर्धारित समयावधि तक जमा नहीं करने के कारण उक्त चांवल की जमा हेतु शेष राशि की राशि के बराबर राशि का समायोजन उनके द्वारा वर्ष 2021-22 एवं वर्ष 2022-23 को जमा बैंक गांरटी से किये जाने का आदेश पारित किया गया है।

### जिला रोजगार कार्यालय में 24 अगस्त को प्लेसमेंट कैप का होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जॉजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 24 अगस्त 2023 दिन गुरुवार को प्रातः 11 बजें से 3 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजक शाही एक्सपोटर्स प्राइवेट लिमिटेड स्कील डेव्हलपमेंट रायपुर द्वारा मोबिलाइजर एवं एस.ओ.एम. ट्रेनर के पदों पर भर्ती की कार्यवाही कि जाएगी। उक्त पद हेतु शैक्षणिक योग्यता स्नातक एव एस.ओ.एम. ट्रेनर के लिये डिप्लोमा आई.टी.आई., डिप्लोमा इन फैशन, कटिंग एण्ड सेविंग, कस्टम डिजाईन रखा गया है। कंपनी द्वारा वेतनमान 12 हजार रूपए से 14 हजार रूपए एवं एसेन्टिव निर्धारित किया गया है। चयनित आवेदक, आवेदिका का कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ रहेगा। अधिक जानकारी के जिला रोजगार कार्यालय जॉजगीर-चांपा से संपर्क कर सकते है।

### जिले में अब तक 637.4 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई दर्ज

**कोरबा ।** जिले में 01 जून से अब तक 637.4 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 15 अगस्त तक औसत वर्षा 770.1 मिमी हुई है। बीते 24 घण्टों में जिले में 0.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील कोरबा में 604.0 मिमी, भैंसमा में 753.9 मिमी, करतला में 635.6 मिमी, कटघोरा में 784.0 मिमी, दर्री में 679.2 मिमी, पाली में 595.4 मिमी, हरदीबाजार में 494.0 मिमी, पोड़ी-उपरोड़ा में 603.0 मिमी एवं पसान में 588.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। अब तक सर्वाधिक वर्षा कटघोरा तहसील में दर्ज की गई है।

## राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए जाने हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने बताया कि वीर बाल दिवस 26 दिसम्बर पर जिले के ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपने स्वयं के जीवन को जोखिम में डालते हुए उसकी निस्वार्थ सेवा या प्रतिकूल प्राकृतिक या मानव निर्मित परिस्थितियों के खिलाफ उत्कृष्ट साहस का कार्य असाधारण कार्य (खेल, समाज सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति, नवप्रवर्तन) किया हो उन्हे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जिसके लिए आवेदन 31 अगस्त 2023 तक केवल ऑनलाइन पोर्टल https://awards.gov.in/ के माध्यम से अथवा जिला कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय को 25 अगस्त 2023 तक आवेदन प्रेषित कर सकते हैं।

#### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्राप्त करने हेतु आर्हता –

ऐसे बालक, बालिका द्वारा अपनी जान की परवाह किये बिना, दूसरे की जान बचाने हेतु वीरता का कार्य किया गया, आवेदन बालक, बालिका स्वयं कर सकते हैं या पालक, अधिकारी, शिक्षक आदि बच्चे को नामांकित कर सकते है। आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए एवं वर्तमान में भारत में निवासरत हो, घटना दिनांक को बालक-बालिका की आयु 18 वर्ष से अधिक न हो, आवेदक को पहले किसी भी श्रेणी में उसी पुरस्कार का पूर्व प्राप्तकर्ता नही होना चाहिए असाधारण उपलब्धि के लिए राष्ट्रीय बाल पुरस्कार आदि, आवेदन पत्र जिला कलेक्टर द्वारा अनुशंसित होना आवश्यक है।

**आवश्यक प्रमाण-पत्र** – आवेदन करने के लिए आवश्यक दस्तावेज घटना की एफ. आई. आर. की प्रति अथवा पुलिस डायरी, समाचार पत्रों की कतरने, बालक-बालिकाएं के दो पासपोर्ट साइज के वर्तमान रंगीन फोटोग्राफ्स, सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित एवं 4 अतिरिक्त पासपोर्ट साइज के फोटो, घटना का विस्तृत विवरण प्रतिवेदन सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित (पुलिस या अन्य विभाग), नामांकन, आवेदन (02 प्रतियों में) के साथ आवेदन कर सकतें हैं।

## जनहित मांगो को लेकर मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस 21 अगस्त को करेगी विधायक निवास का घेराव

### बस्तर बेटा नवनीत चांद ने मांगा विधायक से इस्तीफा कहा अपने वायदों के साथ जन समस्याओं को हल नहीं किये जाने की जिम्मेदारी लेते हुए विधायक इस्तीफा दें या मुख्यमंत्री अगर विधायक महोदय की बात नहीं सुनते तो राज्यपाल को पत्र लिख अपना समर्थन वापस ले



**जगदलपुर।** श्रेष्ठ बस्तर, श्रेष्ठ जगदलपुर का संकल्प ले कर लगातार जमीनी स्तर पर काम कर रही जनता कांग्रेश छत्तीसगढ़ जे पार्टी एवं बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा ने प्रेसविज्ञप्ति जारी कर करते हुए कहा है कि, मुक्तिमोर्चा के प्रमुख सयोजक एवं जनता कांग्रेस जे के जिलाध्यक्ष नवनीत चांद एवं मोर्चा व जनता कांग्रेस के पदाधिकारियों के नेतृत्व में जनहितैषी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर 21 अगस्त को जगदलपुर विधानसभा विधायक निवास घेराव करने की बात कही है।

मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस की उठ जारी विज्ञप्ति के माध्यम अपने बयान में मुक्ति मोर्चा के प्रमुख एवं जनता कांग्रेस नेता नवनीत चांद ने कहा कि क्षेत्र में कांग्रेस सरकार के साथ विधायक द्वारा आज तक जनता के लिए घोषित वायदों को पूरा नहीं किया गया है नवनीत ने आगे कहा है कि मुख्यमंत्री जनता का नेता नहीं होता जनता अपने विधायक को चुनती है और उसी से आशा रखती है अब अगर विधायक अपनी क्षेत्र के जनता के समस्याओं का समाधान मुख्यमंत्री यानी कि प्रदेश सरकार से नहीं करवा सकते तो उन्हें क्यों नहीं जनता के लिए काम नहीं करने की जिम्मेदारी लेते हुए राज्यपाल को पत्र लिखकर अपना समर्थन जो उन्होंने सरकार बनाने मुख्यमंत्री को दिए वह समर्थन वापस ले लेना चाहिए या फिर विधायक महोदय जनता की समस्याओं को हल नहीं करने की नाकामी को स्वीकार करें और अपना इस्तीफा दे? नवनीत ने कहा है कि, जब प्रदेश की सरकार को जनता की फिक्र नहीं विधायक अपनी जिम्मेदारी ना निभा सके तो जाहिर है आम जीवन में समस्याएं और बढ़ ही जाएगी जनता की इसी इसी बात को बुलंद करने हमारे द्वारा अपने सभी बस्तर के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं एवं जनता की भागीदारी के साथ 21 अगस्त को विधायक निवास का घेराव किया जाएगा । बस्तर बेटा नवनीत ने अपने 5 सूत्री मांगों को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री आवास , शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पट्टा देने के विषय सहित पुनर्वास पैकेज के तहत व ऐसे लोग जो गरीबी की समस्याओं के चलते बसर नहीं कर पाते उन्हें पुनर्वास पैकेज के तहत अटल आवास प्रदान करने की मांग प्रमुख है इसी के साथ साथ विधवा पेंशन राशि 15 सौ रुपए देने की बात कही गई थी परन्तु इस विषय मे छलावा किया गया और पेंशन की राशि केवल डेड सो रुपए बढ़ाया गया है यह राशि 15 सौ किया जाए।अपनी मांगों को लेकर उन्होंने कहा कि नियमितीकरण को लेकर सरकार केवल जन संवेदनाएं बटोरती रही है जबकि काम नहीं हुआ हमारी मांग है कि सभी अनियमित कर्मचारियों को नियमित किया जाए , नगरनार स्टील प्लांट एवं सरकारी नौकरी में बस्तर के स्थानीय बेरोजगारों को प्राथमिकता दिया जाए।

## मेडिकल स्टोर से दवाईयों की गुणवत्ता जॉच हेतु भेजा गया सैंपल




**कोण्डागांव।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन टीम के द्वारा दवाईयों की गुणवत्ता जांच हेतु मेडिकल स्टोर में लगातार जांच किया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन डॉ0 आरके सिंह के मार्गदर्शन में औषधि विभाग के टीम ने ग्राम हीरापुर में संचालित रॉय मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दवाईयों के खरीदी-बिक्री दस्तावेजों का जांच किया गया। जहां सभी दस्तावेज नियमानुसार संधारित पाया गया। संदेह के आधार पर जिंकोगट ओरल सोल्युसन नामक दवाई को गुणवत्ता जांच हेतु राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी, रायपुर भेजा गया। जिंकोगट ओरल सोल्युसन प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने एवं सामान्य सर्दी बुखार के ईलाज में काम आती है।

औषधि निरीक्षक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में संचालित सभी मेडिकल स्टोर्स का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है साथ ही समय-समय पर दवाईयों की गुणवत्ता जांच हेतु औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा जाता है। अब तक अलग-अलग प्रकार की 120 दवाईयों की जांच हेतु सैंपल लैब भेजा जा चुका है। अमानक दवा के निर्माता कंपनी के विरूद्ध नियमानुसार सक्षम न्यायालय कोण्डागांव में प्रकरण प्रस्तुत किया जाता है।

औषधि विभाग द्वारा सभी मेडिकल संचालकों को दवाईयों से संबंधित समस्त दस्तावेजों को नियमानुसार संधारित करने एवं मानक दवाईयों की ही बिकी करने के निर्देश दिये गये है। वहीं अन्य जांच में औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन सामाग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत् अनियमितताएं पाये जाने पर दहीकोंगा में संचालित जया मेडिकल स्टोर्स एवं मर्दापाल के निर्मला मेडिकल स्टोर्स के ड्रग लायसेंस को 05-05 दिन के लिये निलंबित किया गया है।

## बेरोजगार युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना बना एक सबंल



**दन्तेवाड़ा ।** माननीय मुख्यमंत्री की मंशानुसार जिले के बेरोजगार युवाओं को राज्य शासन के द्वारा बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। इस कड़ी में जिले में अब तक कुल 540 बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता मिल रहा है। बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत इसकी पांचवी किस्त अगस्त माह के अंत में जारी होगी। गौरतलब है कि जिले में अब तक 40 लाख रुपये से अधिक की भत्ते की राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित की जा चुकी है। योजना अंतर्गत पात्रता रखने वाले युवा berojgaribhatta.nic.in पर आवेदन कर सकते है। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा बेरोजगारी युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने में सहायता प्रदान करने हेतु संकल्प योजना अंतर्गत 21 अगस्त को लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ राज्य में एक अप्रैल से लागू हुई बेरोजगारी भत्ता योजना अनेक युवाओं के कैरियर को एक नया मुकाम देने में मददगार बन गया है। बेरोजगारी भत्ता शुरू किए जाने से जरूरतमंद युवाओं को एक बड़ा सहयोग मिला है। इस संबंध में बेरोजगार युवाओं ने बताया कि उनकी यह सारी जरूरतें अब छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शुरू की गई बेरोजगारी भत्ते की राशि से पूरी हो रही है। यूं तो सभी जानते है कि निर्धन परिवार के युवाओं लिए कभी-कभी पैसे का इंतजाम कर पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। ऐसे आड़े वक्त में बेरोजगारी भत्ता बहुत बड़ा सबंल साबित हो रहा है। फिर चाहे वह परीक्षा की तैयारी हो या फिर पुस्तक खरीदना, फीस इत्यादि इसके अलावा अपनी अन्य जरूरतों में भी भत्तें की वजह से सभी चीजें आसान हो रही है। कुल मिलाकर बेरोजगारी भत्ता योजना युवाओं के सपने साकार करने में खरा उतर रहा है।

## संकल्प परियोजना अंतर्गत महिला विशिष्ट रोजगार मेले का हुआ आयोजन

### 150 महिलाओं का प्रारंभिक रूप से किया गया चयन



**कोण्डागांव।** संकल्प परियोजना के तहत जिला कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा गुरुवार को लाईवलीहुड कॉलेज में 'विशिष्ट महिला रोजगार मेले' का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में 487 महिलाओं ने भाग लिया। जिसमें 04 नियोक्ताओं द्वारा कुल 150 महिलाओं का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। जिसमें गार्डियंस सिक्यूरिटी एंड फैसिलिटी हैदराबाद द्वारा 52, वेदमाता ग्लोबल सर्विसेस जाजपुर उड़िसा द्वारा 37, विकास कंप्यूटर कोण्डागांव द्वारा 17, कमांडो सेक्यूरिटी सर्विसेस रायपुर, कोंडानार गारमेंट फैक्ट्री कोण्डागांव एवं रिलायबल फर्स्ट एडकॉन अहमदाबाद द्वारा 14 महिलाओं का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। इस शिविर के प्रति महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया।

### कलेक्टर श्री सोनी ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिलायी सद्भावना की शपथ



**कोण्डागांव।** कलेक्टर ने कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारियों को सद्भावना की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अधिकारी-कर्मचारियों ने जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने और हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यम से सुलझाने की प्रतिज्ञा ली।

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा प्लास्टिक जार में बिना लेबल के बिक रही मिठाईयों के लिए गए नमूने, जारी रहेगी यह कार्यवाही





**जगदलपुर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा जगदलपुर शहरी क्षेत्र में अमानक मिठाईयों की निर्माण स्थल से राजगीरा चिकी, सोनपापडी, नारियल लड्डू एवं बर्फी, गुलाब जामुन आदि का नमूना लेकर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। यहाँ मिठाईयां प्लास्टिक के जार में भरकर पैक किया जा रहा था किन्तु संबंधित जार में निर्माता फर्म का नाम, निर्माण तिथि, उपयोग एवं अवसान तिथि घटकों के नाम, लाइसेंस नम्बर आदि किसी भी तथ्य को उल्लेखित नहीं किया गया था। अतएव अमानक एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थ होने की आशंका के आधार पर उक्त पदार्थों का नमूना संकलित किया गया है। उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार जगदलपुर शहर में इस प्रकार प्लास्टिक जार में बिना लेबल वाले अमानक मिठाईयों के विक्रय का बड़ा थोक बाजार है जो ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे दुकानदारों को उक्त मिठाई बेचते हैं। ग्रामीणजन एवं बच्चे चिल्हर में एक या दो रूपए में यह मिठाई खरीद कर खाते हैं। चूंकि जार के लेबल में खाद्य पदार्थ के निर्माण तिथि, उपयोग की तिथि घटकों के नाम एवं निर्माता फर्म के पूर्ण पत्ता का उल्लेख नहीं होता. ऐसे में यह जानकारी उपभोक्ता को नहीं मिल पाती कि ये मिठाई किस चीज से बनी है एवं कब बनी है। जाहिर है कि इस प्रकार की मिठाई का उपयोग सेहत के लिए बहुत अधिक खतरनाक होता है। आगामी रक्षाबंधन त्यौहार में इस प्रकार की अमानक मिठाई का यह बाजार बढ़ने से रोकने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग सतर्क है एवं इस प्रकार के विक्रेताओं पर कड़ी कार्यवाही करने हेतु नियमित रूप से कान्फेक्शनरी के थोक दुकानों और मिठाई दुकानों में निरीक्षण तथा सैम्पल लेने की कार्यवाही जारी रहेगी। आगामी रक्षाबंधन त्यौहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा जिले के सभी क्षेत्रों के मिठाई दुकानों तथा कान्फेक्शनरी के थोक दुकानों में विशेष रूप से निगरानी जारी रहेगी। यदि खाद्य सामग्री के लेबल में निर्माता फर्म का पूर्ण पता एवं खाद्य पदार्थ के निर्माण व उपयोग की तिथि उल्लेखित नहीं पाई जाएगी तो संबंधित विक्रेता की पूर्ण जिम्मेदारी मानते हुए संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## बीजेपी ने तीन बार के विधायक और पूर्व सांसद की जगह दो बार के सरपंच को दिया टिकट



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बीजेपी ने विधानसभा चुनाव में नया फॉर्मूला अपनाया है. बीजेपी अपने पुराने नेताओं की जगह नए चेहरों को प्रत्याशी बना रही है. बीजेपी ने प्रदेश की 21 सीटों के लिए गुरुवार को उम्मीदवारों की घोषणा की. इसमें सबसे खास अभनपुर विधानसभा है. अभनपुर में बीजेपी ने 38 साल की परंपरा तोड़ दी है. इस सीट पर कांग्रेस के धनेंद्र साहू और बीजेपी के चंद्रशेखर साहू का दबदबा रहा है. बीजेपी ने पूर्व मंत्री और पूर्व लोकसभा सांसद चंद्रशेखर साहू की जगह इस बार दो बार के सरपंच इंद्रकुमार साहू पर भरोसा जताया है.

### दो बार के सरपंच को दिया विधानसभा चुनाव का टिकट

इंद्रकुमार साहू बेंद्री गांव के रहने वाले हैं. अपने 53 साल की उम्र में वो दो बार सरपंच और एक बार जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं. पहली बार विधानसभा चुनाव के लिए टिकट मिलने पर इंद्र कुमार साहू काफी उत्साहित हैं.वो कांग्रेस के किले को ध्वस्त करने का दावा कर रहे हैं. लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि तीन बार के विधायक और एक बार लोकसभा सांसद रह चुके चंद्रशेखर साहू का टिकट बीजेपी ने क्यों काट दिया. कहीं इसमें नाराजगी के स्वर तो नहीं हैं?

### अभनपुर विधानसभा सीट का इतिहास

1985 से अबतक यानी पिछले 38 साल से अभनपुर क्षेत्र से धनेंद्र साहू और चंद्रशेखर साहू के ईद-गिर्द ही चुनावी खेला होता रहा है. इसमें बीजेपी के चंद्रशेखर साहू पहली बार 1985 में विधायक बने. इसके बाद वो 1990 और 2008 में विधायक बने. रमन सिंह की सरकार में चंद्रशेखर साहू को कृषि मंत्री की जिम्मेदारी दी गई थी।

.वो 1998 में लोकसभा सांसद भी रह चुके हैं. कांग्रेस के धनेंद्र साहू 1993,1998,2003,2013 और 2018 में विधायक चुने गए थे. साल 2008 में चुनाव हारने के बाद वो छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं.

# अरुण मालाकार के जिला अध्यक्ष बनने पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं सहित आम जनमानस में जबरजस्त उत्साह का माहौल

## विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की विजय हमारा पहला लक्ष्य-अरुण मालाकार

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

शहीद नंदकुमार पटेल के राजनैतिक शिष्य अरुण मालाकार के लिए आज का दिन विशेष महत्वपूर्ण है क्योंकि कांग्रेस अलाकमान ने उन्हें नवीन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ मे जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष का दाइत्व सौंपा है। अपने राजनितिक गुरु शहीद नंदकुमार पटेल की भाँती समान्य परिवार से आने वाले अरुण अपने गुरु की नक्शे कदम पर चलकर अब तक कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के दिलों पर खास जगह और सम्मान का अलख जगाने मे कामयाब रहे, इसी का कर्मफ ल स्वरूप उन्हे कांग्रेस कमेटी ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी प्रदान की है।



### ऐसा रहा अरुण के शिक्षा के साथ राजनैतिक सफर

नगरपालिका म्यूनिसिपल स्कूल सारंगढ़ मे प्राथमिक से लेकर 10 वीं तक शिक्षा प्राप्त करने के दौरान ही छुवा.छूत और जा-पात से दूर रहकर सबके साथ प्रेम भाव से रह कर शाला सफाई में अग्र रहने वाले अरुण ने 11 वीं एवं 12 वीं की पढ़ाई सारंगढ़ के मल्टीपरपज से की। कुशाग्र बुद्धि के धनी अरुण मालाकार को उच्चशिक्षा के लिए आईटीआई हेतु उज्जैन भेजा गया जहां-जहां से उन्होंने छात्र नेता के रूप मे राजनितिक जीवन की शुरुवात आईटीआई अध्यक्ष के रूप मे किया। सारंगढ़ के छोटे शहर से उज्जैन के बड़े शहरों के छात्रों के मध्य अध्यक्ष बनना और पद का सफ ल निर्वहन करना अरुण को अरुण मालाकार बनाने की पहली सीढ़ी थी। समाज सेवा में विशेष रुचि रखने के कारण उन्होंने कॉलेज मे भी समाजशास्त्र लेकर पढ़ना उचित समझा जिससे वो समाज की बारीकियों से और भली-भांति अवगत हो सकें। 1993.94 में सारंगढ़ कॉलेज मे भी अरुण मालाकार अध्यक्ष रहकर युवाओं को अपने साथ जोड़ा और छात्र हित में अनेको कार्य किये।1996 से 1998 तक जन संघर्ष समिति के पुनः अध्यक्ष बने। सन 2000 में ग्राम सहसपुर मे सरपंच उम्मीदवार होकर विजेता बनेएतथा उसी वर्ष अपने नेतृत्व क्षमता के कारण सरपंच संघ अध्यक्ष भी मनोनीत हुए। सन 2002 मे दाम्पत्य जीवन मे कदम रखने वाले अरुण मालाकर के वर्तमान में 2 पुत्र हैं। सरपंच संघ अध्यक्ष के बाद उनकी पहचान सारंगढ़ अंचल के एक उम्दा राजनेता के तौर पर हो चुकी थी, लेकिन अरुण इतने में खुश होने वाले नहीं थे। उन्होंने सन 2005 मे दानसरा क्षेत्र से बीडीसी चुनाव लड़ा जिसमे भी उन्होंने जीत हाशिल कीएसन 2010 मे जनपद उपाध्यक्ष मनोनीत हुए 2015 मे पुनः जनपद उपाध्यक्ष,2020 मे सभापति एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद पर शुशोभित हुए और आज 18 अगस्त 2023 को नवीन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के प्रथम कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनकर अपनी श्रेष्ठता को भी प्रमाणित किया। इसी कारण ना सिर्फ कांग्रेसी बल्कि विपक्षी भी इन्हे गेम मेकर, कोई चाणक्य तो कुछ लोग राजनीति के कलाकार भी कहते हैं।



Phone (O) : 011-23019320
011-23019080
E-mail : kcvenugopal.org@gmail.com
kcvenugopal.in@gmail.com
Website : www.inc.in

ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE

K.C. VENUGOPAL, M.P.
General Secretary

24, AKBAR ROAD,
NEW DELHI-110 011
18th August, 2023

PRESS RELEASE

Hon'ble Congress President has approved the proposal for the appointment of Presidents of various District Congress Committees in the Chhattisgarh Pradesh Congress Committee, as follows, with immediate effect.

| | | |
|---|---|---|
| 1. Shakti | - | Shri Trilok Chand Jaiswal |
| 2. Bilaigarh-Sarangarh | - | Shri Arun Malakar |
| 3. Manendragarh - Chirmiri - Bharatpur | - | Shri Ashok Shrivastav |
| 4. Mohla - Manpur - Ambagarh Chowki | - | Shri Anil Manikpuri |
| 5. Koriya | - | Shri Pradeep Gupta |
| 6. Rajnandgaon (Rural) | - | Shri Bhagwat Sahu |
| 7. Gaurela - Pendra - Marwahi | - | Shri Uttam Vasudev |
| 8. Khairagarh - Chhuikhadan - Gandai | - | Adv. Gajender Thakre |
| 9. Bastar (City) | - | Shri Sushil Mourya |
| 10.Narayanpur | - | Shri Rajnu Netam |
| 11.Kawardha | - | Shri Hori Ram Sahu |

(K.C. Venugopal)

### मालाकार के नेतृत्व में कांग्रेस का परचम

विधानसभा में कांग्रेस की सुनामी जीत, जिला पंचायत चुनाव में जीत, 08 जनपद पंचायत में कांग्रेस का परचम, 02 नगरपालिका में विजय पताका अरुण मालाकार के संघर्षों का ही परिणाम है। अगर बात करें सारंगढ़ की तो विधायक से लेकर नगरपालिका अध्यक्ष तक, 25 जनपद सदस्य, 11 पार्षद कांग्रेस के हैं। भाभी मंजू मालाकार 02 बार जीत हासिल की हैं इस बार अरुण मलाकर के सामने तो विपक्षी भी टिक नही पाये। जिसका जीता जागता प्रमाण कांग्रेस के 03 बीडीसी का निर्विरोध जनपद सदस्य बनना है, इसमे अरुण मालाकार का क्या रोल है किसी से छिपा नहीं है।

### सबको साथ लेकर फिर बनाएंगे कांग्रेस की सरकार-अरुण मलाकार

अरुण के जिला अध्यक्ष बनने की खबर जैसे ही लोगों को मिली कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ आम पब्लिक एवं समाजसेवियों का हुजूम मलाकार के ऑफि स में उमड़ पड़ा, लोग अपने पसंदीदा नेता को बधाई देने पहुंचने लगे, शोशल मीडिया भी मालाकरमय हो गई है। इस बीच अपने कार्यकर्ताओं को अरुण मालाकार ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं आपका वही अरुण हुं जो कल था। कांग्रेस पार्टी का एक छोटा सा सेवक हूं जो सदैव आपकी हर सुख दुःख में आपका साथ रहेगा। हम सबको मिलकर आगामी विधान सभा चुनाव में कांग्रेस के ध्वज को और बुलंद करना है, विधानसभा चुनाव में जीतकर छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल कि भरोसेमंद सरकार बनानी है। इस बीच मालाकार ने उन पर विश्वास जताने के लिए कांग्रेस आलाकमान सहित प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल, केसी वेणुगोपाल,प्रभारी मंत्री उमेश पटेल, लोकप्रिय उत्तरी जांगड़े, ससदीय सचिव चंद्रदेव राय,पदमा घनश्याम मनहर, पुरोषत्तम साहु, पवन अग्रवाल, सोनी अजय बंजारे, सूरज तिवारी, अजय बंजारे, महेंद्र गुप्ता, संजय दुबे, प्रमोद मिश्रा, राधेश्याम जायसवाल, एनएसयूआई टीम, सहित समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, समस्त जिला पंचायत सदस्य, समस्त जनपद पंचायत सदस्य, समस्त कांग्रेसी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं समस्त मीडिया परिवार एवं अपने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 4 सितम्बर तक कर सकते है आवेदन जमा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र खर्राघाट वार्ड क्रमांक 21 में आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 21 अगस्त से 4 सितम्बर 2023 तक आवेदन मंगाये गये है। इच्छुक आवेदिका नियत तिथि तक अपना आवेदन पत्र परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना, रायगढ़ शहरी में जमा कर सकते है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत दिशा.निर्देश व नियम शर्तो की जानकारी परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

### राजधानी में आयोजित होने वाला आदि महोत्सव स्थगित

केंद्रीय मंत्री करने वाले थे महोत्सव का शुभारंभ



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में ट्राइफेड आदि महोत्सव का आयोजन होने जा रहा था। अभी मिली जानकारी के अनुसार आयोजित होने वाला आदि महोत्सव स्थगित हो गया। साइंस मैदान में 20 अगस्त से ये महोत्सव होने वाला था। इस महोत्सव का केंद्रीय मंत्री अमित शाह महोत्सव शुभारंभ करने वाले थे। बता दें कि 20 अगस्त को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में ट्राइफेड आदि महोत्सव का आयोजन होने वाला था। इस आयोजन के शुभारंभ कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अमित शाह शामिल होने वाले थे। साथ ही केंद्रीय जन जाति मंत्री अर्जुन मुंडा भी मौजूद होते। कायस लगाया जा रहा है कि आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव से पहले आदिवासियों समाज को साधने की कोशिश की गई।

### मेडिकल कालेज अस्पताल से चार माह के बच्चे की चोरी

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ के कोरबा में 4 माह के एक बच्चे की अज्ञात महिला ने चोरी कर ली। वाकया मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल का है। मामले की जानकारी सामने आने के बाद अस्पताल में सनसनी फैल गई। सिविल लाइन पुलिस जुर्म दर्ज कर बच्चों की तलाश में जुट गई है। बच्चा चोरी की घटना हॉस्पिटल के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मामला गुरुवार का है। जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर कुरूडीह गांव निवासी अंजू उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में एडमिट है। उसके साथ 4 माह का बेटा भी था। पिछले 2 दिनों से एक अज्ञात महिला अंजू के पास आकर बैठती थी और उसके बच्चे को गोद में लेकर दुलारती थी। उसने बताया था कि उसके परिजन भी हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती हैं। 2 दिन में ही वह अंजू और उसकी मां के साथ बेहद घुल मिल गई थी। गुरुवार को भी व अंजू के पास आई और उसके बेटे को गोद में लेकर दुलारने लगी। कुछ देर बाद वह बच्चे को गोद में लेकर वार्ड में घूमने लगी। फिर वह वार्ड से बाहर निकल गई और लौट कर वापस नहीं आई। काफी देर बाद भी वह नहीं लौटी तो अंजू की मां ने उसे ढूंढने का प्रयास किया। महिला के नहीं मिलने पर अस्पताल प्रबंधन को घटना की सूचना दी गई। इसके बाद हॉस्पिटल में हड़कंप मच गया।

### सलमा का कंकाल खोजने की मिली अनुमतिए सड़क की होगी खुदाई

**कोरबा** । कुसमुंडा थाना क्षेत्र निवासी व न्यूज एंकर सलमा सुल्ताना लस्कर के हत्यारों की गिरफ्तारी पुलिस ने कर ली है, पर अभी तक सलमा का कंकाल नहीं मिल सका है। आरोपितों द्वारा स्थल चिंहांकित करने के बाद पुलिस ने अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम के समक्ष स्थल पर खुदाई करने आवेदन दिया था। इस पर स्वीकृति मिल गई है और पुलिस अब जब्त ही संभावित स्थल की खुदाई कर कंकाल की तलाश करेगी। न्यूज एंकर सलमा की हत्या कर आरोपितों ने पांच वर्ष पहले 21 अक्टूबर 2018 को शव कोहड़िया के पास दफ्न कर दिया था। अब आरोपित मधुर साहू, सहयोगी कौशल श्रीवास के पकड़ाने के बाद पुलिस के समक्ष कंकाल बरामद करना चुनौती बन गया है।

# मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।




मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित सद्भावना क्रिकेट प्रतियोगिता 2023 का मैच अधिकारी और नागरिक दल के मध्य खेला गया। जिसमें संघर्षपूर्ण मुकाबले में नागरिक टीम ने जीत दर्ज की। मैच के समापन में संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों और उपस्थित गणमान्य दर्शकों को मतदान करने की शपथ दिलाई। सर्वप्रथम टॉस जीतकर नागरिक एकादश ने फ ील्डिंग करने का निर्णय लिया, जिसमें अधिकारी एकादश से ओपनर बल्लेबाज सौरभ यादव ने 10 ओवर के खेल में शानदार शतक 179 रन जड़ा तो वही 10 ओवर में अधिकारी एकादश के महज 4 विकेट ले पाए। सारे प्रोफेशनल गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। अंतिम तीन ओवर में नागरिक एकादश के कप्तान और वरिष्ठ खिलाड़ी गोल्डी नायक ने किफ ायती गेंदबाजी करते हुए रनों के अंबार को रोकते हुए ओपनर बल्लेबाज सौरभ यादव और त्रिलोक मैत्री का 2 विकेट लिया। अधिकारी एकादश ने 10 ओवर में 190 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए नागरिक एकादश ने महज 8 ओवर में ही जीत दर्ज कर ली।उक्त सद्भावना मैच में अधिकारी एकादश से कोच फ कीरा यादव, टीम मैनेजर प्रमोद महेश, महेश्वरी,सौरव यादव कप्तान अंतराष्ट्रीय प्लेयर सॉफ्ट बाल, हरिशंकर चौहान नोडल अधिकारी उप कप्तान, प्रेम पटेल, राजा राम उरांव, सुरेंद्र पैंकरा, मनोहर पैंकरा, त्रिलोक मैत्री शिवम यादव,अजय श्रीवास, सोनू जायसवाल, अक्षय, शैलेंद्र पटेल, विवेक सिदार। नागरिक एकादश टीम में गोल्डी नायक कप्तान, नावेद खान डेविड चौहान मुकेश यादव जगन यादव, मानव गोपाल, तुषार गोपाल, शैलेंद्र प्रधान, शिवा सोनवानी, रंजीत यादव आदि ने हिस्सा लिया। मैच में अंपायर वरिष्ठ पीटीआई कौशल ठेठवार और मेहर, कॉमेंटेटर सोमू यादव, स्कोरर धनेश भारद्वाज रहे।




# बिजलीकर्मियों की हड़ताल अवैध : श्रम न्यायालय



**रायपुर।** श्रम न्यायालय रायपुर ने बिजलीकर्मियों के संगठन छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनीज अधिकारी-कर्मचारी ओपीएस बहाली संयुक्त मोर्चा की प्रस्तावित आज (शुक्रवार )18 अगस्त को होने वाली सामूहिक अवकाश सत्याग्रह को अवैध घोषित कर दिया है।

श्रम न्यायालय ने 17 अगस्त गुरुवार की देर शाम को जारी आदेश में कहा है कि प्रस्तावित 18 अगस्त की हड़ताल से जनहित प्रभावित होने की आशंका होने के कारण अवैध घोषित किया जाता है। कर्मचारी-अधिकारी किसी भी हड़ताल सत्याग्रह में शामिल न हों।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) ए के वर्मा ने बताया कि श्रम न्यायालय - 01 के न्यायाधीश एसएल मात्रे के कोर्ट में फेडरेशन एवं 7 कर्मचारी संगठनों के 18 अगस्त को सामूहिक अवकाश हड़ताल पर स्थगन देने की अपील की गई थी। कंपनी ने छत्तीसगढ़ औद्योगिक संगठन अधिनियम 1960 की धारा 167 सहपठित धारा 64 ए तहत वाद प्रस्तुत किया, जिसमें बताया गया कि प्रस्तावित हड़ताल से विद्युत आपूर्ति बाधित होगी तथा सामान्य जनजीवन प्रभावित होगा और जनसामान्य को समस्याओं से जूझना पड़ेगा। इससे अपूरणीय क्षति होने की आशंका है। श्रम न्यायालय ने मामले की त्वरित सुनवाई करते हुए हड़ताल को अवैध घोषित किया है।

# एक सप्ताह के सूखे का अंत - दो घंटे की बारिश ने फिर खोली पोल



**रायपुर।** राजधानी में करीब एक सप्ताह का सूखा गुरुवार की शाम खत्म हुआ और शाम करीब पांच बजे आसमान काले बादलों से घिर गया और झमाझम बारिश होने लगी. करीब दो घंटे में इतनी बारिश हुई कि कई इलाकों में नालों में पानी भर गया तो सड़कों पर एक फीट तक पानी भर गया और फिर घरों में घुस गया। सबसे ज्यादा प्रभावित इलाके महावीरनगर, पुरानी बस्ती, कटोरातालाब, कैनाल लिंकिंग रोड, बरनबाजार, बांसटाल और नेहरूनगर थे। बजरंगनगर, राजातालाब, कालीनगर की भी कई सड़कों पर एक से डेढ़ फीट तक पानी भर गया। महावीर नगर में पार्षद कार्यालय के पीछे नाली का पानी ओवरफ्लो होकर चंद मिनटों में ही घरों में घुस गया। बांसटाल, राजातालाब और पुरानी बस्ती के कुछ इलाकों में भी यही स्थिति रही। यहां के बड़े इलाके में पानी भर गया. मुख्य बाजार की कई सड़कें खस्ताहाल थीं। कैनाल लिंकिंग रोड में कटोरा तालाब के सामने से गुजरने वाली सड़क के कुछ हिस्से में एक से डेढ़ फीट तक पानी भर गया. जय स्तंभ चौक और शहीद स्मारक भवन के सामने भी सड़क के कुछ हिस्सों में एक-एक फीट तक पानी भर गया। बारिश रुकने के कुछ देर बाद सड़कों पर तो पानी उतर गया, लेकिन घरों में भरे पानी को निकालने में घंटों लग गए. निगम से कोई मदद नहीं मिली. लोगों को खुद ही बाहर निकालना पड़ा.

# कलेक्टर सिन्हा के निर्देश पर आवारा पशुओं पर हो रही लगातार कार्यवाही

## खुले में पशुओं को छोड़ने वाले 35 पशुपालकों पर 31 हजार 500 रूपए का हुआ जुर्माना, पशुओं को गोठानों में किया जा रहा विस्थापित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में शहर की सड़कों को आवारा पशुओं एवं उनसे होने वाली दुर्घटनाओं से निजात दिलाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा हैं। जिसके तहत नगर निगम द्वारा आवारा पशुओं एवं पशुओं को खुले में छोड़ने वाले 35 पशुपालकों पर 31 हजार 500 रूपए जुर्माने की कार्यवाही की गई।





साथ 210 से अधिक पशुओं को सड़कों से गोठानों में विस्थापित करने का कार्य किया जा चुका हैं। आगे यह कार्यवाही नियमित रूप से जारी रहेगी। उल्लेखनीय हैं कि कलेक्टर सिन्हा ने पालतू पशुओं को आवारा छोड़ने वालों पर कार्यवाही करने और अर्थदंड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को शहरी क्षेत्र में विशेष रूप से इस दिशा में कार्यवाही करने एवं नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। जिसके तहत शहरी क्षेत्र में लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। इसी प्रकार सड़कों पर आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने हेतु आवारा पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट अभियान चलाकर बांधने हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं एवं सर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित दिया गया था। कलेक्टर सिन्हा के निर्देश पर पशुपालन विभाग द्वारा मवेशियों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए 1104 पशुओं में रेडियम बेल्ट, 1156 पशुओं में टेगिंग एवं 448 मवेशियों को सड़कों से गौशाला,गौठान आदि में विस्थापित किया जा चुका हैं। साथ ही पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं का उपचार भी किया जा रहा है। इसी प्रकार निगम द्वारा शहरी क्षेत्रों में अभियान के तहत आवारा मवेशियों पर कार्यवाही करते हुए, काउ कैचर के माध्यम से सड़कों से 210 आवारा मवेशियों को संबलपुरी गोठान में विस्थापित कर, खुले में छोड़ने वाले 35 से अधिक पशुपालकों पर आर्थिक जुर्माने की कार्यवाही की जा चुकी है और यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। इसी प्रकार पालतू मवेशियों में टैगिंग का कार्य किया जा रहा हैं, जिससे पशु पालकों की पहचान कर समझाईश एवं वैधानिक कार्यवाही आसानी से किया जा सके।

*** पशुओं में अनिवार्य रूप से टैगिंग के साथ गले में रेडियम लगाने कार्य जारी**

**पशुओं को खुले में छोड़ने पर कलेक्टर ने अर्थदण्ड की कार्यवाही का जारी किया आदेश**

### पशुओं को खुले में छोड़ने पर कलेक्टर ने अर्थदण्ड की कार्यवाही का जारी किया आदेश

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों द्वारा अपने पशुओं को सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों में विचरण के लिए छोड़ दिया जाता है, जिससे गंभीर दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। साथ ही मवेशियों के जीवन और अंगों के लिए भी खतरा रहता है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सिन्हा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा घूम रहे पशुओं के पालकों पर कड़ाई से कार्यवाही किए जाने हेतु आदेश जारी किया है। जारी आदेश में पशु अतिचार अधिनियम 1871 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों में विचरण कर रहे पशुओं को कांजी हाउस में बंद कर पशुपालक के विरूद्ध धारा 12 के तहत अर्थदण्ड अधिरोपित किए जाने का प्रावधान है।

जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिव को इसके लिए अधिकृत किया जाता है कि वे छग पंचायत राज अधिनियम, 1993 एवं पशु अतिचार अधिनियम, 1871 में निहित धाराओं एवं नियमों के तहत अपने ग्राम पंचायत क्षेत्र में खुले में पशुओं द्वारा फ सलों की चराई करने, सड़कों, उद्यानों एवं सार्वजनिक स्थलों में विचरण करते पाए जाने पर निकटतम कांजी हाउस में भेजकर पशुपालकों पर अर्थदण्ड की कार्यवाही की जावे। पशु अतिचार अधिनियम, 1871 के तहत पशुपालकों अधिकतम एक हजार रूपए एवं पुनरावृत्ति की दशा में राशि 500 रूपए जुर्माना का प्रावधान है। उन्होंने सभी ग्राम पंचायत सचिव को कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जोहार छत्तीसगढ़


धरमजयगढ़, शनिवार 19 अगस्त 2023

## गदर 2 की कमाई में जबरदस्त उछाल, कारोबार 300 करोड़ रुपये की ओर




सनी देओल की गदर 2 का खुमार दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रखा है। पांचवें दिन गदर 2 को स्वतंत्रता दिवस की छुट्टी का फायदा मिला और इसकी कमाई जबरदस्त इजाफा हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार, गदर 2 ने 5वें दिन को 55.4 करोड़ रुपये का कारोबार किया है, जिसके बाद इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 228.98 करोड़ हो गया है। गदर 2 ने पहले दिन 40.1 करोड़ रुपये के साथ अपनी शुरुआत की थी, वहीं फिल्म की कमाई में दूसरे दिन इजाफा हुआ और इसने 43.08 करोड़ रुपये कमाए। तीसरे दिन फिल्म 51.7 करोड़ और चौथे दिन 38.7 करोड़ रुपये का कारोबार करने में सफल रही है।



## फरहान खान की डॉन 3 में नजर आ सकती हैं कियारा आडवाणी, निर्माताओं ने किया संपर्क

जब से फरहान अख्तर की सुपरहिट फैंचाइजी डॉन के तीसरे भाग डॉन 3 का ऐलान हुआ है, यह चर्चा में है। इसमें रणवीर सिंह अहम भूमिका में नजर आएंगे।ताजा जानकारी के मुताबिक, डॉन 3 में रणवीर के साथ कियारा आडवाणी की जोड़ी बनेगी।

रिपोर्ट के अनुसार, निर्माताओं ने मुख्य महिला की भूमिका निभाने के लिए कियारा से संपर्क साधना शुरू कर दिया है।फिल्म की शूटिंग 2024 के मध्य में शुरू होगी। हालांकि, खबर की पुष्टि होना बाकी है। सूत्र ने कहा, कियारा को डॉन 3 में मुख्य महिला की भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया गया है। अभिनेत्री को कल एक्सेल एंटरटेनमेंट के कार्यालय में देखा गया था। कियारा को फिल्म की कहानी पसंद आ गई है और उन्होंने हामी भी भर दी है।उन्होंने कहा, वह रणवीर के साथ डॉन की इस रोमांचक दुनिया का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं, जिनके साथ उन्होंने हमेशा काम करने का सपना देखा है। फिल्म में कियारा नकारात्मक किरदार निभाएंगी। कियारा को पिछली बार फिल्म सत्यप्रेम की कथा में देखा गया था। इसमें उनकी जोड़ी कार्तिक आर्यन के साथ बनी थी और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस 100 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था।मौजूदा वक्त में कियारा साउथ अभिनेता राम चरण की गेम चेंजर को लेकर चर्चा में हैं।दूसरी ओर, रणवीर निर्देशक रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन में नजर आएंगे।इसके अलावा संजय लीला भंसाली की फिल्म बैजू बावरा भी रणवीर के खाते से जुड़ी है।

## जंप सूट में कहर ढा रही हैं बिग बॉस फेम हिना खान

टीवी एक्ट्रेस हिना खान हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण फैंस के बीच चर्चाएं बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीरों पर अपनी प्रति याएं देते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कर फैंस को अपने हुस्न का दीवाना बना दिया है। एक्ट्रेस हिना खान फैशन आइकॉन हैं।

उनका हर एक स्टाइलिश अवतार फैंस के बीच काफी ट्रेंड करता है। हाल ही में हिना खान ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर लोगों के दिलों की धड़कनें तेज कर दी हैं। इन तस्वीरों में उनका ग्लैमरस अवतार देखकर एक बार फिर से फैंस के पसीने छूट गए हैं। हिना खान ने अपने इस फोटोशूट के दौरान ऑरेंज कलर का जंपसूट पहना हुआ है, जिसमें वो काफी ग्लैमरस नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस का ये लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है, साथ ही फैंस उनके इस हॉल्टर नेक वाले स्टाइल को फॉलो भी कर रहे हैं। कानों में इयररिंग्स, हाई पोनीटेल, न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने इस लुक पर चार चांद लगा दिया है। हालांकि फैंस का भी उनके इस कातिलाना अंदाज को देखकर दिल मचल गया है। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज शेयर करती हैं तो लोग उनके हर एक लुक पर दिलखोलकर प्यार प्यार लूटाते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 1 लाख से भी ज्यादा लोगों ने लाइक कर दिया है।



## पायलट बने ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण, फाइटर का मोशन पोस्टर हुआ रिलीज




दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन साथ में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं. दोनों को साथ में देखने के लिए फैंस कबसे इंतजार कर रहे थे. अब ये इंतजार खत्म होने जा रहा है. दीपिका और ऋतिक साथ में फिल्म फाइटर में नजर आने वाले हैं. आज इस फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है. जिसमें ऋतिक, दीपिका और अनिल तीनों इंडियन एयरफोर्स ऑफिसर के लुक में नजर आ रहे हैं. दीपिका ने सोशल मीडिया पर मोशन पोस्टर शेयर किया है.

सस्पेंस और उत्साह के बढ़ने के साथ, भारतीय सिनेमाघर अपने आप को फाइटर के रिलीज के लिए तैयार कर रहे हैं, बता दें कि यह एरियल एक्शन के क्षेत्र में देश का पहला प्रयास है. ऐसे में स्वतंत्रता दिवस के साथ, फाइटर के पहले मोशन पोस्टर से पर्दा उठाते हुए अपने पंख फैला दिए हैं, जिसका टाइटल स्पिरिट ऑफ फाइटर है. सावधानी से तैयार किया गया यह टीज़र देशभक्ति के उत्साह से गूंजता है, जो राष्ट्र के स्मरणोत्सव की भावनाओं के साथ सहजता से मेल खाता है. पहले ही शानदार टाइटल वाले पोस्टर से दर्शकों की कल्पना को नई उड़ान देने के बाद, निर्माताओं ने अब पहले मोशन पोस्टर का खुलासा किया है, जिसमें लीड स्टार कास्ट को देखा जा सकता है, खास बात यह है कि महत्वपूर्ण अवसर 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस के साथ मेल खाता है. यह पोस्टर एक सारांश में एक्शन, थ्रिल और एडवेंचर की झलक दिखाता है, साथ ही यह पूरी तरह से देशभक्ति और भावनाओं को प्रोत्साहित करता है।


## देवरा से सैफ अली खान का फर्स्ट लुक जारी

### 5 अप्रैल 2024 को रिलीज होगी फिल्म




बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान के बर्थडे पर उनकी अपमिंग फिल्म देवरा से उनका फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। ये साउथ फिल्म है जिसमें जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर लीड रोल में नजर आने वाले हैं। खुद जूनियर एनटीआर ने सैफ अली खान का मूवी से फर्स्ट लुक पोस्टर लॉन्च किया है। जिसे देखने के बाद सोशल मीडिया पर रिएक्शंस भी आने लगे हैं। सैफ अली खान के बर्थडे पर साउथ स्टार जूनियर एनटीआर ने उन्हें विश किया। साथ ही देवरा से उनका फर्स्ट लुक भी रिलीज किया। फिल्म में एक्टर भाइरा के रोल में दिखेंगे। एनटीआर ने लिखा, हैप्पी बर्थडे सैफ सर। इस पोस्टर में सैफ लंबे बाल में नजर आ रहे हैं।

## राजवीर देओल की दोनों का गाना जारी, पालोमा ढिल्लों संग दिखा रोमांटिक अंदाज




जहां सनी देओल इन दिनों गदर 2 को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में हैं, वहीं उनके बेटे राजवीर देओल भी अभिनय की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार है।पिछले कुछ दिनों से वह अपनी पहली फिल्म दोनों को लेकर चर्चा में हैं।इसमें उनकी जोड़ी पूनम ढिल्लों की बेटी पालोमा के साथ बनी है।अब निर्माताओं ने दोनों का मुख्य गाना जारी कर दिया है, जिसमें राजवीर और पालोमा एक-दूसरे के प्यार में डूबे नजर आ रहे हैं। जियो स्टूडियो ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर दोनों का मुख्य गाना साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, राजश्री का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ प्रेम गीत यहां है।इस गाने को अरमान मलिक ने गाया है।दोनों जल्द सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिलहाल फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।यह फिल्म इसलिए भी ज्यादा खास है क्योंकि दोनों के जरिए जाने-माने निर्देशक सूरज बड़जात्या के बेटे अवनीश एस बड़जात्या निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं।

गौरतलब है कि इन दोनों के माता-पिता भी पहले फिल्म में नायक-नायिका के तौर पर नजर आ चुके हैं। सनी देओल और पूनम ढिल्लों ने साल 1984 में आई लव स्टोरी फिल्म सोहनी महिवाल में लीड रोल प्ले किया था। अब दोनों के बच्चे एक साथ फिल्म करने जा रहे हैं। मेकर्स ने सोमवार को राजवीर देओल और पलोमा ठकेरिया की डेब्यू फिल्म दोनों का पोस्टर रिलीज कर दिया है।

# खेल


विमेंस रिकर्व टीम : सिमरनजीत कौर, अंकिता और भजन कौर

## आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-4 में भारत को 2 मेडल

### भारतीय मेंस और विमेंस रिकर्व टीम ने ब्रॉन्ज जीता; कंपाउंड पुरुष और महिला टीम फाइनल में

पेरिस। पेरिस में चले रहे आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-4 में भारतीय रिकर्व टीम ने दो ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। भारतीय पुरुष टीम और विमेंस टीम तीसरे स्थान पर रही। धीरज बोम्मादेवारा, अतानु दास और तुषार शेल्के की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ब्रॉन्ज मेडल के प्लेऑफ मुकाबले में आंद्रेस तेमिनो, युन सांचेज और पाब्लो आचा की स्पेन की टीम को 6-2 (54-56, 57-55, 56-54, 57-55) से हराया।


मेंस रिकर्व टीम : तुषार शेल्के, अतानु दास और धीरज बोम्मादेवारा

इससे पहले भारतीय टीम को चीनी ताइपे के खिलाफ सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इस तरह भारतीय टीम गोल्ड की होड़ से बाहर हो गई।

वहीं भारतीय महिला टीम को भी सेमीफाइनल में चीनी ताइपे के खिलाफ ही 0-6 (52-57, 47-56, 52-53) से एकतरफा हार का सामना करना पड़ा। ताइपे की टीम ने 53 अंक जुटाए थे, लेकिन भारतीय टीम 52 अंक ही बना सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा। ब्रॉन्ज मेडल के प्ले ऑफ में भारतीय टीम ने दो सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मैक्सिको को 5-4 (52-55, 52-53, 55-52, 54-52) (27-25) से हराकर पदक जीता। टीम में अंकिता भकत, भजन कौर और सिमरनजीत कौर शामिल थीं। इससे पहले भारतीय महिला रिकर्व टीम ने जापना को 6-2 और इटली को 5-1 से मात दी थी।


कंपाउंड में विमेंस और मेंस ने टीम फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है। ओजस प्रवीण देवतले, प्रथमेश जावकर और अभिषेक वर्मा की पुरुष टीम शनिवार को अमेरिका से भिड़ेगी जबकि अदिति गोपीचंद स्वामी, ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर की तिकड़ी मैक्सिको का सामना करेगी।

### इंडिविजुअल कंपाउंड में अदिति और ओजस मेडल के दौड़ में शामिल

वहीं इंडिविजुअल कंपाउंड में अदिति और ओजस मेडल की दौड़ में शामिल है। गुरुवार को हुए क्वालिफाइंग में अदित और ओजस ने अपने-अपने क्वालीफाइंग स्पर्धाओं में पहला और दूसरा स्थान हासिल किया। कंपाउंड तीरंदाजी में व्यक्तिगत पदक राउंड शनिवार से शुरू होंगे जबकि रिकर्व तीरंदाजों के लिए मेडल राउंड रविवार को होंगे।

## पंजाब की सीनियर कॉन्स्टेबल ने जीते 2 गोल्ड मेडल

### विश्व पुलिस गेम्स में बॉडी बिल्डिंग में भारत का नेतृत्व किया; बोलीं- ओलिंपिक में जाना लक्ष्य



**अमृतसर।** पंजाब पुलिस की सीनियर कॉन्स्टेबल बबीता ने कनाडा के विनिपेग में आयोजित विश्व पुलिस गेम्स में बॉडी बिल्डिंग और बिकिनी श्रेणी में 2 स्वर्ण पदक जीते। अमृतसर के आदर्श नगर में रहने वाली बबीता थाना छावनी में महिला कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर तैनात हैं और 2017 से जिम जा रही हैं।

सीनियर कॉन्स्टेबल बबीता ने बताया कि स्पोर्ट्स बोर्ड ऑफ इंडिया की और से उसे चुना गया था। 24 जुलाई को भारत से कनाडा गई थी। 28-29 जुलाई को उन्होंने बॉडी बिल्डिंग और बिकिनी श्रेणियों में हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न देशों की 25 महिला पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। उन्होंने दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीता है। वह 9 अगस्त को कनाडा से लौटी हैं।

### ओलिंपिक्स में नहीं गई कोई महिला खिलाड़ी

बबीता का सपना है कि वह ओलिंपिक्स तक जाना चाहती है। आज तक बॉडी बिल्डिंग में भारत से कोई महिला खिलाड़ी ओलिंपिक्स नहीं पहुंची है। अगर पंजाब सरकार व भारत सरकार की मदद मिल जाए तो वे दिन दूर नहीं, जब हमारा भारत महिला बॉडी बिल्डिंग में ओलिंपिक्स में मेडल जीतकर आएगा।

फिलहाल वह अब नेशनल के लिए दोबारा कोशिश कर रही हैं, जो दो महीनों के बाद है। अगर उन्हें एक महीने का समय प्रैक्टिस के लिए मिल जाए तो वह अपने आप को 2025 में होने वाली विश्व पुलिस खेलों के लिए दोबारा तैयार कर सकेंगी।

शूटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप

## भारतीय मेंस टीम ने 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीता



अजरबैजान के बाकू में हो रही शूटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष टीम ने 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। इस टीम में शिव नरवाल, सरबजोत सिंह और अर्जुन सिंह चीमा शामिल थे। भारतीय पुरुष टीम ने 1734 अंक हासिल किए। नरवाल ने सबसे ज्यादा 579, सरबजोत ने 578 और चीमा ने 577 अंक हासिल किए। वहीं जर्मनी की टीम 1743 अंक हासिल कर दूसरे नंबर पर रही।

जर्मनी की ओर से रॉबिन वॉल्टर ने 586, माइकल ने 581 और पॉल फ्रोहलिच ने 576 अंक हासिल किए। जबकि चीन 1749 अंकों के साथ टॉप पर रही। चीन की ओर से झांग बोवेन ने 587, लियू जुनहुई ने 582 और झीयू ने 580 अंक हासिल किए।

### भारत से 53 शूटर ले रहे हैं भाग

17 से 24 अगस्त तक चल रही इस वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप में भारत से 53 सदस्यीय टीम भाग ले रही है। इस वर्ल्ड चैंपियनशिप में 2024 के पेरिस ओलिंपिक के लिए शूटिंग के 12 इवेंट के लिए 48 प्लेयर्स का कोटा है। भारत से 19 शूटर गैर ओलिंपिक इवेंट में भी भाग ले रहे हैं।

### ओलिंपिक में शूटिंग इवेंट के लिए 3 प्लेयर्स क्वालिफाई

वर्ल्ड शूटिंग चैम्पियनशिप शुरू होने से पहले ही 3 भारतीय शूटरों ने ओलिंपिक गेम्स के लिए कोटा हासिल कर लिया। टोक्यो ओलिंपिक्स 2020 में भारत से सबसे ज्यादा 15 शूटर्स ने हिस्सा लिया था।

## एक नजर

### नाडा के चार साल के प्रतिबंध को चुनौती देंगी दुती चंद



**नयी दिल्ली ।** एशियाई खेलों में दो रजत पदक जीतने वाली महिला एथलीट दुती चंद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा उन पर लगाए गए चार साल के प्रतिबंध को चुनौती देंगी।

वह नाडा की टूर्नामेंट के इतर प्रतिबंधित पदार्थ की डोप जांच में विफल रही थीं। 27 साल की दुती पर गुरुवार को प्रतिबंध लगाया गया था। इस 100 मीटर की राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी एथलीट के पिछले साल दिसंबर में लिये गये दो नमूनों में 'अन्य एनाबोलिक एजेंट / एसएआरएमएस' मौजूद थे जो वाडा की 2023 प्रतिबंधित पदार्थों की सूची में शामिल हैं। ये नमूने पांच और 26 दिसंबर को लिये गये थे और दोनों ही एक समान पदार्थ के पॉजिटिव पाये गये थे। 'एसएआरएमएस' (सलेक्टिव एंड्रोजन रिसेप्टर मोड्यूलेटर) ऐसे 'नॉन स्टेराइड' पदार्थ हैं जिन्हें आमतौर पर आस्टियोपोरोसिस (हड्डी संबंधित बीमारी), अनीमिया (खून की कमी) और मरीजों में जख्मों से उबरने के लिए किया जाता है। दुती पर लगा प्रतिबंध इस साल तीन जनवरी से प्रभावी होगा और पांच दिसंबर 2022 को लिये गये पहले नमूने की इस तारीख से उनके सभी प्रतिस्पर्धी नतीजे हटा दिये जायेंगे।

### राष्ट्रीय शिविर के लिए महिला सब जूनियर कोर ग्रुप का चयन



**नयी दिल्ली ।** हॉकी इंडिया ने राउरकेला में 21 अगस्त से शुरू होने वाले राष्ट्रीय शिविर के लिए शुक्रवार को 40 सदस्यीय महिला सब जूनियर कोर ग्रुप गठित किया। यह शिविर पूर्व भारतीय कप्तान रानी रामपाल की देखरेख में आयोजित किया जाएगा। हॉकी इंडिया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय सब जूनियर चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में लगाए जाने वाले इस शिविर के बाद भारतीय टीम अंतरराष्ट्रीय मैचों में खेलने के लिए यूरोप का दौरा करेगी। शिविर के लिए तैयार किए गए इस कोर ग्रुप में गोलकीपरों में तारा शैलजा, होदाम पबित्रा देवी, तनुजा जबकि रक्षकों में मुस्कान, रजनी केरकेट्टा, पार्वती टोपनो, सुष्मिता डुंगडुंग, अमीषा एक्का, हरजीत कौर, कोमल पाल, भाव्या, तमन्ना, प्रियंका शामिल हैं।

# नवागढ़ विधानसभा को पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा के पक्ष में गांव-गांव जाकर जीत दिलाने कार्य कर रहे डॉ. जगजीवन खरे

नवागढ़ विधानसभा 2023 के चुनाव को लेकर क्षेत्र में खुशियां बटोर रही-डॉक्टर जगजीवन खरे

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।





विधानसभा के प्रबल दावेदारी कर रहे भाजपा नेता डॉक्टर जगजीवन खरइन दिनों अपने आगामी 2023 के विधानसभा चुनाव को लेकर कफी क्षेत्र में सुर्खियां बटोर रहे हैं। उन्होंने इस समय लगातार एक के बाद एक क्षेत्र में युथ से लेकर बूथ स्तर तक जनसंपर्क कर रहे हैं जनता के बीच हर छोटी-बड़ी समस्याओं को सुनकर उनका समाधान में भी लगे हुए हैं। ताकि आने वाले समय में इस बार नवागढ़ विधानसभा को पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा के पक्ष में जीत दिलाने को लेकर हर संभव प्रयास कर रहे हैं। भाजपा नेता ने केंद्र सरकार कि हर जन कल्याणकारी योजनाओं को भी गांव-गांव से लेकर हर गरीब तबके के लोगों को भी इसक सीधा लाभ पहुंचाने में लगे हैं। उन्होंने इसी बीच जनसंपर्क के दौरान नवागढ़ विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क किया गया।

### क्षेत्र के लोगों में दिखा काफी उत्सुकता

इस समय क्षेत्र की जनताओं मे भी काफी उत्सुकता से भाजपा नेता डॉक्टर जगजीवन खरे को भावी विधायक के रुप में भी देख रहे हैं। तथा ग्रामीण स्तर में भी डॉक्टर जगजीवन खरे को देखकर महिलाएं एवं युवाओं व बुजुर्ग बच्चों में भी खुशी की लहर दौड़ रही है। ग्रामीणों से जनसंपर्क के दौरान पूछा गया तो उन्होंने बताया कि नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में अगर डॉक्टर जगजीवन खरे को भाजपा पार्टी प्रत्याशी बनाती है तो उसका जीत निश्चित तौर पर होगा और इसका सीधा असर नवागढ़ विधानसभा में बहुत बड़ा बदलाव भी होगा क्षेत्र में विकास का रास्ता भी खुल जाएगा विधानसभा में ऐसी बहुत से गांव है जहां कई असुविधाएं देखने को मिलेगा जहां आवागमन के लिए कच्ची सड़क पक्की रोड का रिपेयरिंग ना पेयजल की व्यवस्था सीसी रोड नाली निर्माण का ना होना ऐसी कई विभिन्न समस्याओं को ग्रामीणों ने बताया और उन्होंने ये भी कहा कि अभी वर्तमान में गांव के हर छोटी-छोटी समस्याओं को निराकरण करने मैं लगे रहते हैं जिससे क्षेत्र की जनता काफी खुश है।

# भव्य कांवड़ यात्रा शिव भक्त करेंगे जलाभिषेक

8000 से 10000 कावाड़ियों के भाग लिए जाने की संभावना

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



**चाय नाश्ता,भोजन,शयन आदी व्यवस्था निःशुल्क होगा**

सावन का महीना 4 जुलाई 2023 से शुरू हो गया है। हिंदू धर्म में सावन बहुत पवित्र महीना माना जाता है। सावन की शुरुआत के साथ कांवड़ यात्रा भी आरंभ हो गई है सावन में शिव की विधिवत पूजा करने के साथ-साथ कई भक्तगण पैदल कांवड़ यात्रा पर निकलते हैं और गंगा नदी का पवित्र जल कांवड़ में भरकर लाते हैं और रतनपुर बूढ़ा महादेव में जलाभिषेक करते है। हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी 21 अगस्त सोमवार को कावड़ियों द्वारा जलाभिषेक होगा। रतनपुर बोल बम सेवा समिति सेवा देंगे। रतनपुर से 19 अगस्त शनिवार को रात्रि 11 बजे स्वयं के व्यवस्था से बेलपन निकलेंगे रविवार 20 अगस्त को प्रातः 6 बजे गंगा नदी से जल लेकर रतनपुर बूढ़ा महादेव के निकलेंगे समिति द्वारा रास्ते में दैजा बीजा मोड के पास नाश्ता प्रबंध,दोपहर अग्रसेन भवन कोटा द्वारा भजन,भोजन दोनो का प्रबंध,नाश्ता चाय लखनी देवी मंदिर में रात्रि भोजन विश्राम महामाया धर्मशाला रतनपुर में भव्य जागरण बसंत वैष्णव के भक्ति गीतों के साथ होगा। 21 अगस्त सोमवार प्रातः 7 बजे नगर भ्रमण करते बूढ़ा महादेव में जलाभिषेक किया जाएगा।

# जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 20 जनवरी

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 अगस्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जवाहर नवोदय विद्यालय, भूपदेवपुर, रायगढ़ में सत्र 2023.24 के लिए कक्षा-6 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 20 जनवरी 2024 को रायगढ़ जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थी संबंधित दस्तावेजों एवं निर्धारित प्रपत्र को पूर्णतः भरकर एवं प्रधानाध्यापक से प्रमाणित कराने के पश्चात समिति की वेबसाईट में 25 अगस्त 2023 ऑनलाईन आवेदन जमा कर सकते है। इसके लिए आवेदक रायगढ़ जिले का निवासी हो और रायगढ़ जिले के मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत होना चाहिए। साथ ही कक्षा तीसरी एवं चौथी पूर्ण शैक्षणिक वर्ष प्रत्येक कक्षा मान्यता प्राप्त विद्यालय से उत्तीर्ण होना है। आवेदक की जन्म तिथि 1-5-2012 तथा 31 जुलाई 2014 दोनों दिन शामिल के मध्य होना चाहिए। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट में अवलोकन कर सकते है।

# शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के माता-पिता ने दीदी रसोई वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




**जरूरतमंदों को 30 रूपये में खाना उपलब्ध करने भारतीय कामगार संगठन की विशेष पहल**

**शहर के अन्य स्थानों में भोजन उपलब्ध करने की भी भावी कार्ययोजना**

**विशेष दिवस पर भोजन वितरण कराने वाले कर सकते हैं दीदी रसोई से संपर्क**

शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के माता आशा त्रिपाठी एवं पिता सुभाष त्रिपाठी तथा कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट परिसर से भारतीय कामगार संगठन की पहल से प्रारंभ की गई दीदी रसोई वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रेम नारायण मौर्य, अनिल अग्रवाल एवं जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। दीदी रसोई चलित फूड वैन के माध्यम से जरूरतमंदो को सस्ता भोजन उपलब्ध करने के लिए विशेष स्थानों में यह वैन अपनी सेवाएं देगी। अपनी शुरुआती दौर में यह फूड वैन कलेक्टोरेट परिसर के पास रहेगा साथ आगामी दिनों के इसका विस्तार करते हुए शहर के अन्य स्थानों में लगाया जाएगा। भारतीय कामगार संगठन के अध्यक्ष महादेव परिहारी ने बताया की इस कार्य के लिए काफी दिनों से कार्य योजना बनाई जा रही थीए इसका उद्देश्य सभी जरूरतमंदो को कम कीमत में भोजन उपलब्ध करवाना हैं। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल के लिए फू ड वैन की व्यवस्था की जा रही हैं। ताकि दूर-दराज से आने वालो लोगों को सस्ता भोजन मिल सकें। साथ ही इस फूड वैन के माध्यम से कोई भी व्यक्ति आपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ एवं अपने परिजनों की स्मृति में भोजन वितरण करने के लिए दीदी रसोई से संपर्क कर सकते हैं।

# कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई सद्भावना की शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी के जन्म दिवस पर प्रतिवर्ष सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा कलेक्टोरेट परिसर में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को सद्भावना की शपथ दिलाई गई। कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों और शाखाओं में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों ने जाति, संप्रदाय, क्षेत्र, धर्म और भाषा का भेदभाव किये बिना भावनात्मक एकता और सद्भावना पूर्वक कार्य करने तथा हिंसा का सहारा लिये बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यम से सुलझाने की शपथ ली। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर एस.के.कंवर, डिप्टी कलेक्टर रेखा चन्द्रा, डिप्टी कलेक्टर ऋतु हेमनानी, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मिशन इंद्रधनुष की तैयारी के संबंध में हुई समीक्षा बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी की अध्यक्षता में सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु रायगढ़ शहरी क्षेत्र, अंतर्गत टास्क फ ोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा शहरी क्षेत्र में की गई तैयारी, टीकाकरण हेतु कार्ययोजना के बारे में बताया।

इस संबंध में आयुक्त नगर निगम द्वारा सूचना, प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने एवं 100 प्रतिशत संपूर्ण टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सभी मितानिन, महिला एवं बाल विकास के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम के अमले को समन्वय एवं संयुक्त प्रयास से करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला प्रबंधक शहरी विश्व स्वास्थ्य संगठन के जिला प्रभारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी रायगढ़ शहरी, मितानिन क्षेत्र समन्वयक एवं नगर निगम से स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# तरड़ा गोठान में हैण्डलूम प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

संबलपुरी वस्त्रालय को मिलेगी मजबूती, ग्रामोद्योग विभाग दे रहा प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव के विशेष मार्गदर्शन में आज रीपा तरड़ा गोठान परिसर में संबलपुरी वस्त्रालय को मजबूती प्रदान करने के लिए ग्रामोद्योग विभाग छत्तीसगढ़ शासन के समग्र हाथकरघा विकास योजनान्तर्गत नवीन बुनाई प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया हैं।

ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित चार माह के इस प्रशिक्षण में 10 हैण्डलूम मशीन के माध्यम से 22 महिलाएं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण समाप्त होने से पहले 10 और हैण्डलूम मशीन महिलाओं को प्रदान किया जाएगा। जिससे प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाएं बेहतर कार्य कर सके। इस अवसर पर ग्रामोद्योग विभाग से विपिन लालवानी, ग्रामोद्योग निरीक्षक जानकी प्रसाद, सरपंच तरडा मायावती पटेल, गोठान अध्यक्ष गुलाब राम पटेल, सचिव अलेख शर्मा, गोठान नोडल ऋषि पटेल, आजीविका नोडल जानकी साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# बेरला महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेरला महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान हेमा निषाद बीएससी अंतिम, द्वितीय स्थान टिकेशवरी बी, द्वितीय और तृतीय स्थान बीए द्वितीय के ही छात्रा टिकेशवरी साहू ने प्राप्त किया। स्वीप नोडल अधिकारी ने बताया कि महाविद्यालय में मतदाता सूची में नाम शामिल करने कार्यक्रम चल रहा है साथ ही मतदान करने संबंधी जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है।

# कोरबा में अब कैंसर उपचार की सुविधा

**कोरबा-रायपुर ।** कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी एवं अधिष्ठाता डॉ. अविनाश मेश्राम के प्रयास से अब जिले में कैंसर के ईलाज की सुविधा प्रारंभ हो गई है। यहां कीमोथैरेपी की ओपीडी भी शुरू कर दी गई है। इससे कोरबा सहित आसपास के ग्रामीा अंचलों के हजारों मरीजों को अब कैंसर उपचार के लिए बड़े शहरों का रूख नहीं करना पड़ेगा।

जिले के स्व. बिसाहू दास स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबंध अस्पताल के ट्रामा सेंटर बिल्डिंग में प्रातः 8 बजे से 2 बजे तक कैंसर रोग- रेडियोथेरेपी विभाग की डे-केयर कीमोथेरेपी की सुविधा मिलेगी। जिससे जिले के कैंसर रोगियों को अब इलाज के लिए बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। अब जिला चिकित्सालय कोरबा में ही कैंसर रोगियों की स्क्रीनिंग तथा डे केयर कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध होगी।

# दतरेंगी शासकीय हाई स्कूल में छात्राओं को मिला साइकल

* सतीश अग्रवाल ने छात्राओं को दिए बधाई एवं शुभकामनाएं

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दतरेंगी के शा.हाई स्कूल में कक्षा नौवीं के छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत सयकल वितरण किया गया जिसमें विद्यालय में आस पास से आने वाले, मधुबन, टेंहका, सुरजपुरा, कडार, अमलीडीह, दतरेगा, दतरेंगी सभी ग्रामीण से आने वाले छात्रों को कुल 98 सायकल शा. हाई स्कूल दतरेंगी के छात्राओं को प्रदान किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सतीश अग्रवाल सदस्य निगम मंडल छत्तीसगढ़ शासन शामिल होकर सभी छात्रों को बंधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए, अपने उद्बोधन में कहा भूपेश सरकार की ये महत्वपूर्ण योजना है जिन छात्राओं की आर्थिक स्थिति खराब थी जो सायकल खरीदने में असमर्थ थे उनके लिए संजीवनी साबित हो रही है। साथ ही सतीश अग्रवाल जी बताया कि जो छात्राएं स्कूल पैदल चलकर आते थे उन्हें भी एक अच्छा सौगात साबित हो रहा हैए जिन छात्राओं के पास साइकिल नहीं होती थी तो उन्हें उनके परिवार के लोग स्कूल तक छोड़ने आते थे कभी तो स्कूल पहुंचने में विलंब हो जाता था व लम्बी दूरी होने के कारण सुविधा ना होने के आभाव से कई बच्चिया आगे की पढ़ाई नहीं कर पाती थी। अब सरस्वती सायकल योजना के तहत छात्राओं को सायकल दिये जाने से स्कूल आने में कोई विलंब नहीं होगा। इस अवसर पर, टूपेंद्र शर्मा प्राचार्य, हरप्रसाद वर्मा अध्यक्ष शा.समिति, द्वारिका यादव, कुंजरम यादव, धनेश साहू, हुलास राम साहू सरपंच, खेतहार जायसवाल,अनिल वर्मा, रामरतन दांडेकर, लाला राम सेन, शरद यादव, रोहित बघेल, रामसिंह ध्रुव, केदार मिश्रा, एवं शाला विकाश समिति के स्टाफ व समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या उपस्थित रहें।

**न्यायालय तहसीलदार बाराद्वार, जिला सक्ती ( छ.ग. )**

**// ईश्तहार//**

**रा.प्र.क्र. /अ-2/2022-23**

ग्राम-सकरेली(बा.), प.ह.न.-10

आवेदिका श्रीमती किरण खलखो पति फल्मोहन खलखो

निवासी ग्राम नया बाराद्वार, तहसील बाराद्वार, जिला-सक्ती (छ.ग.) ............... आवेदिका

**बनाम**

छ.ग. शासन

......................................................................

अनावेदक

एतद् द्वारा सर्वसाधारण निवासी ग्राम-सकरेली (बा.)प.ह.नं.-10 तहसील बाराद्वार को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती किरण खलखो पति फल्मोहन खलखो निवासी ग्राम नया बाराद्वार, तहसील बाराद्वार, जिला-सक्ती (छ.ग.) द्वारा ग्राम सकरेली (बा.) स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 1255/10 रकबा 0.05 एकड़ भूमि को आवासीय प्रायोजन के लिए व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती को प्रस्तुत किया है। जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति करना है वह स्वयं या अपने वैध अभिभावक के माध्यम से प्रकरण में सुनवाई तिथि 31.08.2023 तक प्रस्तुत कर सकता है। तिथि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/08/2023 को मेरे शील मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**तहसीलदार बाराद्वार**

**न्यायालय तहसीलदार बाराद्वार, जिला सक्ती ( छ.ग. )**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2022-23

ग्राम-सकरेली(बा.), प.ह.न.-10

आवेदिका श्रीमती निर्मला उरांव पति श्री दिलधर उरांव

निवासी बाराद्वार बस्ती, तहसील बाराद्वार, जिला-सक्ती (छ.ग.) ............... आवेदिका

**बनाम**

छ.ग. शासन

......................................................................

अनावेदक

एतद् द्वारा सर्वसाधारण निवासी ग्राम-सकरेली (बा.)प.ह.नं.-10 तहसील बाराद्वार को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती निर्मला उरांव पति श्री दिलधर उरांव निवासी ग्राम बाराद्वार बस्ती, तहसील बाराद्वार, जिला-सक्ती (छ.ग.) द्वारा ग्राम सकरेली (बा.) स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 1255/11 रकबा 0.0.05 एकड़ भूमि को आवासीय प्रायोजन के लिए व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती को प्रस्तुत किया है। जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति करना है वह स्वयं या अपने वैध अभिभावक के माध्यम से प्रकरण में सुनवाई तिथि 31.08.2023 तक प्रस्तुत कर सकता है। तिथि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/08/2023 को मेरे शील मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**तहसीलदार बाराद्वार**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ), धरमजयगढ़, जिला- रायगढ़ ( छ.ग. )**

**-: ईश्तहार :-**

ई-कोर्ट क्रमांक: 202308042200/अ-6/2022-2023

साकिन-धरमजयगढ़, प.ह.न. 56

एतद् द्वारा सर्व नागरिक, धरमजयगढ़ को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रमादेवी अग्रवाल पति करमचंद अग्रवाल जाति-अग्रवाल, निवासी धरमजयगढ़, तहसील-धरमजयगढ़, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है। धरमजयगढ़ नजूल टाउन स्थित अनावेदकगण की भूमि प्लाट नं. 310/3 सामिल 312/3 रकबा 1681 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत विक्रयनामा दिनांक 30/5/2023 के माध्यम से रूपये 870000 रूपये में क्रय किया गया है। विक्रयनामा के आधार पर अवेदित भूमि का नामांतरण अपने नाम पर दर्ज करने का निवेदन किया है। जिसकी सूनवाई 25/8/2023 को नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 25.08.2023 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील, मुहर अंकित कर जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी नजूल धरमजयगढ़**

न्योता दुवार दुवार हर मतदाता तक पहुंचने जिले में छेड़ी गई विशेष मुहिम

# 19 एवं 20 अगस्त को मतदाता जागरूकता के लिए पूरे जिले में चलेगा विशेष अभियान

## 19 अगस्त को युवा मतदाताओं के लिए कॉलेजों में लगेगा का विशेष कैंप

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत पूरे जिले के समस्त मतदान केन्द्रों में 19 एवं 20 अगस्त 2023 को विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर सिन्हा ने इस कार्य से जुड़े समस्त बीएलओ, अविहित अधिकारी एवं सुपरवाईजर को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए आयोजित विशेष अभियान शिविर में व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने निर्देश दिए है। कलेक्टर सिन्हा मतदाता जागरूकता के लिए कल सभी महाविद्यालयों में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए है। गौरतलब है कि 02 अगस्त से 31 अगस्त तक मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य पूरे जिले में चल रहा है। 19 और 20 अगस्त को इसके लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। मतदान केन्द्रों में आयोजित शिविर के दौरान जनसामान्य मतदाता सूची में नाम दर्ज न होने पर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसी तरह नाम, स्थान, पता की गलत प्रविष्टि होने पर सुधार करवाया जा सकता है। मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटवाने, नवीन फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने हेतु, आधार नंबर को मतदाता परिचय पत्र के साथ जोड़ने अथवा दिव्यांग मतदाता के रूप में स्वयं को चिन्हित करवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। विशेष शिविर के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने विलोपन, संशोधन कराने के लिए अपने मतदान केन्द्र के अविहित अधिकारी तथा बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर अपने आवश्यकता अनुसार मतदाता सूची में नाम जुड़वाने सहित विलोपन एवं संशोधन करा सकते है



घर-घर जाकर दे रहे कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने मतदाता जागरूकता के लिए छत्तीसगढ़ी बोली में लिखा पत्र,सहभागिता की कर रहे अपील

न्योता दुवार दुवार मुहिम से नाम जुड़वाने मतदाताओं को कर रहे निमंत्रित जिले में मतदाता जागरूकता के लिए एक खास मुहिम छेड़ी गई है, न्योता दुवार दुवार। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने जिले के सभी मतदाताओं को छत्तीसगढ़ी में पत्र लिखकर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की जानकारी देते हुएए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और सुधार व विलोपन का काम 31 अगस्त तक करवाने के लिए निमंत्रित किया है। न्योता दुवार दुवार की इस मुहिम के तहत पूरे जिले में गांव-गांव में मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लोगों के घरों में जाकर इस पत्र के माध्यम से लोगों को निर्वाचन और मतदान कार्यक्रमों की जानकारी दे रहे हैं और पात्र मतदाताओं को सूची में नाम जुड़वाने के लिए निमंत्रित कर रहे हैं।



### 19 अगस्त को कॉलेजों में लगेगा विशेष कैंप

कलेक्टर सिन्हा मतदाता जागरूकता के लिए कल सभी महाविद्यालयों में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए है।

इसके लिए सभी महाविद्यालयों में एक मतदाता संगी की नियुक्ति की गई है जो कि महाविद्यालय के विद्यार्थी हैं उनके माध्यम से सभी महाविद्यालयों में विशेष अभियान चलाते हुए 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी नये वोटरों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएंगे।

## एक नजर

### सर्व आदिवासी समाज की बैठक आज

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

कंचनपुर स्थित गोंडवाना भवन में सर्व आदिवासी समाज के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया है। सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जगेश्वरसिंह सिदार एवं महिला प्रभाग की अध्यक्ष विद्या सिदार ने बताया कि दोपहर 2 बजे आयोजित बैठक में विश्व आदिवासी दिवस पर हुए सफल कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी सामाजिक बंधुओं को दी जाएगी। बैठक में सर्व आदिवासी समाज के बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में शामिल होने की अपील की गई है। ताकि सभी के समक्ष आय व्यय का ब्यौरा सहित अन्य सामाजिक गतिविधियों के संबंध में चर्चा की जा सके।



### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की भर्ती हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी

28 अगस्त तक दावा आपत्ति आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में 17 रिक्त पदों में अतिथि शिक्षकों की भर्ती हेतु गत दिवस आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों की जांच उपरांत पात्र-अपात्र एवं निरस्त आवेदनों की सूची जिले के वेबसाईट एवं एकलव्य विद्यालयों तथा कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदक को कोई आपत्ति हो तो वे 28 अगस्त 2023 शाम 5 बजे तक सचिवध्सहायक आयुक्त जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान, समिति रायगढ़ में संपर्क कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

### वर्चुअल डाक अदालत का आयोजन 23 अगस्त को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भारतीय डाक विभाग के रायगढ़ संभाग द्वारा 23 अगस्त 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे से कार्यालय अधीक्षक डाकघर, पंजाब नेशनल बैंक के पास, अनाथालय रोड रायगढ़ में वर्चुअल डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभागीय अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं से काउंटर सेवा, बचत बैंक, मनी आर्डर, स्पीड पोस्ट, डाक जीवन बीमा इत्यादि में आने वाली समस्याओं को लेकर चर्चा की जाएगी। इच्छुक उपभोक्ता डाक सेवा से संबंधित अपनी शिकायत पूर्ण विवरण जैसे शिकायतकर्ता का नाम, पता, मोबाईल नंबर के साथ अधीक्षक डाकघर, रायगढ़ संभाग,अनाथालय रोड, रायगढ़ में 23 अगस्त या उससे पहले भेज सकते है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए अनंतिम सूची जारी

21 से 31 अगस्त तक कर सकते है दावा-आपत्ति

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़। एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र बाबूपारा वार्ड क्रमांक 11 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए आवेदन मंगाये गये थे। प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत प्राविधिकध्अनंतिम मूल्यांकन पत्रक जारी किया गया है। जारी पत्रक के आधार पर किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 21 से 31 अगस्त 2023 तक सीधे परियोजना कार्यालय में दावा-आपत्ति आवेदन जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना, रायगढ़ शहरी कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

स्वीप कार्यक्रम

# तमनार में महिलाओं एवं स्कूली बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को किया मतदान के लिए प्रेरित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में आगामी निर्वाचन के मद्देनजर जिले में मतदाता जागरूकता के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत आज विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा के तहसील तमनार के आदर्श ग्राम्य भारती स्कूल मैदान में 2000 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा चिन्हारी लोकतंत्र के तहत मानव श्रृंखला के माध्यम से वोटर चिन्ह निर्माण कर लोगों को निष्पक्ष मतदान हेतु प्रेरित किए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन एवं एसडीएम घरघोड़ा श्रीमती ऋषा ठाकुर के नेतृत्व में लगभग 2000 महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी बोली में मतदान हेतु शपथ लिए। इसके साथ ही उन्होंने अपने परिवार के मतदाता सदस्यों, आस-पड़ोस के लोगों को भी शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने हेतु संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि 2 से 31 अगस्त 2023 तक सभी मतदान केंद्रों पर द्वितीय फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण 2023 का कार्य प्रारंभ है जिसमें दावा-आपत्ति तथा संशोधन का कार्य बीएलओ एवं अविहित अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 19 एवं 20 अगस्त को जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के समस्त मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। विशेष शिविर के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन, संशोधन कराने के लिए अपने मतदान केन्द्र के अविहित अधिकारी तथा बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर अपने आवश्यकता अनुसार मतदाता सूची में नाम जुड़वाने सहित विलोपन एवं संशोधन करा सकते है।



नववधुओं को हुआ सम्मान, 2000 महिलाओं ने लिया मतदान हेतु शपथ




### नववधुओं का हुआ सम्मान

आगामी निर्वाचन में महिला मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप योजना अंतर्गत तमनार में नवविवाहिता वधु सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची में 18 वर्ष एवं इससे अधिक वर्ष की प्रत्येक महिला मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना, निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करना, महिलाओं को भयमुक्त होकर मतदान के लिए प्रेरित करना, विवाह उपरांत निवास स्थान पर मतदाता सूची में पंजीयन कराना, मतदाता सूची में ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से पंजीयन की जानकारी देना था।

# जिला साहू संघ कोरबा ने महिलाओं के सम्मान में महिला प्रकोष्ठ का सावन महोत्सव मनाया

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

जिला साहू संघ कोरबा के द्वारा महिलाओं के सम्मान में महिला प्रकोष्ठ का सावन महोत्सव 23 का आदर्श श्रमिक क्लब पंप हाऊस कोरबा में 16 अगस्त 23 दिन बुधवार को संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि मोहन कुमारी साहू उपाध्यक्ष महिला निर्वाचित प्रदेश साहू संघ छ.ग. कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरिजा साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ कोरबा कर रहे थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी वंदना साहू रजनी साहू संयुक्त सचिव प्रदेश साहू संघ,सावित्री साहू उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ,लखनी साहू जिला संरक्षक महिला प्रकोष्ठ, उषा साहू महिला अध्यक्ष गेवरा दीपका परिक्षेत्र अति विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ कोरबा निर्वाचित,अन्नू लाल साहू महामंत्री जिला साहू संघ कोरबा, घनश्याम साहू कोषाध्यक्ष जिला साहू संघ कोरबा,बाला राम साहू तहसील अध्यक्ष कोरबा, ठाकुर राम साहू सीता राम साहू लोकनाथ साहू केवल साहू,राम कुमार साहू,द्वासराम साहू, सुरेन्द्र कुमार साहू,मुकेश साहू एवं अत्यधिक मात्रा में स्वजातीय भाईयों एवं बहनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। एकल डांस, ग्रुप डांस, सुवा नृत्य, कई प्रकार के खेल खेले गए । नारी सशक्तिकरण पर एक बच्चे के द्वारा जबरदस्त भाषण दिया गया जिला साहू संघ महिला प्रकोष्ठ की सावन क्वीन सुषमा साहू चुनी गई। कार्यक्रम का सफ ल संचालन वंदना साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन एवं आभार दिनेश साहू द्वारा किया गया।



# कोतरा रोड योगा सेंटर ने मोहल्ले की महिलाएं एवं बच्चों के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस का पर्व

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कोतरा रोड योगा सेंटर में लक्ष्मी अग्रवाल की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस का पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। लक्ष्मी अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया, इस दौरान समिति की सभी बहनों बच्चों के साथ देशभक्ति के गीत गाए व देश के प्रति सम्मान और अपने जीवन पथ पर मेहनत के साथ आगे बढ़ने का हौसला दिया। योगा सेंटर के टीचर प्रदीप बेरीवाल ने देशभक्ति के जज्बे के प्रति सभी महिलाओं एवं बच्चों की तारीफ करते हुए कहा कि वह अपना अमूल्य समय निकालकर बच्चों को संस्कारित ओर साक्षर कर रहे हैं जो देश के भविष्य है। उसके पश्चात सभी को प्रसाद वितरण किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल, योग टीचर प्रदीप बेरीवाल, निशा अग्रवाल, ममता अग्रवाल, रीना अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, रजनी खेमका, मधु द्विवेदी, कविता सोनी, बेबी राठौर, ललिता पटेल, संध्या चौरसिया रुकमणी पटेल, पूजा अग्रवाल, सविता अग्रवाल, पलक साहू समेत समस्त सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।



# कलेक्टर और एसपी ने आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के लिए कृषि उपज मंडी स्थित स्ट्रांग रूम भवन का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे द्वारा आगमी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण तथा वापसी एवं मतगणना के लिए नंदेली भांठा स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए मंडी प्रांगण का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने स्ट्रॉन्ग रूम, मत पेटी वितरण केन्द्र एवं मतगणना स्थल तक सुव्यवस्थित पहुंच मार्ग, भवनों में बिजली सुविधा, इंटरनेट कनेक्शन, पानी सप्लाई तथा शौचालय की उचित व्यवस्था सहित सभी आधारभूत व्यस्था, सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही निर्वाचन में लगने वाले अधिकारी, कर्मचारी, सुरक्षा संबंधी उपाय और सुरक्षा में लगने वाले फोर्स के लिए कार्य अनुसार अलग अलग भवनों का चिन्हांकन भी किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्य में आने वाले वाहनों के लिए विधानसभावार पार्किंग व्यवस्था, आगमन एवं निकासी के लिए अलग-अलग रास्तों का भी चिन्हांकन किया गया। कलेक्टर द्वारा उक्त सभी आधारभूत व्यवस्था, संबंधित अधिकारियों को समय रहते सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए, जिससे जिले में सुव्यवस्थित निर्वाचन कार्य संपादित कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालेश्वर भगत, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, प्रभारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग संजय सिंह, सक्ती एसडीएम पंकज डाहिरे, डिप्टी कलेक्टर रुपेन्द्र पटेल, सक्ती तहसीलदार मनमोहन सिंह, नजूल तहसीलदार पंकज सिंह, पीडब्ल्यूडी ईई लहरें, एसडीओ राकेश द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 480.26 लाख की लागत से बनने वाले पहुंच मार्ग का किए भूमि पूजन

आम जनों को केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताए

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ लोकसभा की सांसद गोमती साय ने आज रायगढ़ लोकसभा अंतर्गत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सारंगढ़ विधानसभा अंर्तगत केडार मंडल में सारंगढ़ शिवरीनारायण रोड से केडार भकुर्रा ष्प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 480.26 लाख की लागत से बनने वाले पहुंच मार्ग का भूमि पूजन किए। इस दौरान संसद में विधिवत पूजन कर क्षेत्रवासियों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाले मार्ग से होने वाली सुगमता के लिए शुभकामनाएं दिए। वही लगातार केंद्र सरकार द्वारा गांव-गांव को मुख्य मार्गो से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाए जा रहे सड़कों की सराहना किए। साथ ही आने वाले समय में केंद्र सरकार के नेतृत्व में विकास की गंगा बहाने की बात कही। आपको बता दे कि भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसभा को भी संबोधित किया जहां उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से होने वाले आम जनों को मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। वही छत्तीसगढ़ में वर्तमान कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए भ्रष्ट और कालाबाजारी सरकार का आरोप भी लगाए। उक्त सभा कार्यक्रम के दौरान युवा वर्ग के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला के विभिन्न मोर्चा एवं भाजपा मंडल के पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# नव मतदाता अभिनंदन समारोह 22 को धरमजयगढ़ में

## भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत होंगे शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव की घड़ी नजदीक आ रही है वैसे-वैसे राजनीतिक पार्टियां भी चहल कदमी कर रही है। इन दिनों भारतीय जनता पार्टी आक्रामकता के साथ धरना प्रदर्शन, घेराव कर अपनी सक्रियता तेज कर दी है।



वहीं नव मतदाताओं को रिझाने के लिए कई कार्यक्रम संचालित कर रही है। इसी कड़ी में 22 अगस्त को नव मतदाता सम्मेलन करने जा रही है। जिसमें धरमजयगढ़ विधानसभा स्तरीय सम्मेलन विधानसभा मुख्यालय धरमजयगढ़ में करने जा रही है। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व आईएएस यूथ आईकॉन भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत शामिल होंगे। विधानसभा के युवा नेता शशी पटेल किशोर कुमार राठिया, आशुतोष शर्मा सम्मेलन की कमान संभाल रहे हैं। एक ओर जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा विनायक पटनायक पूरे जिले में युवाओं की फौज खड़ी करने में परिश्रम कर रहे हैं। वहीं शशी पटेल अपनी टीम के साथ विधानसभा की युवाओं को संगठित करने में तन मन से लगे हुए हैं। जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष नीलांबर यादव ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी के लिए युवा मोर्चा की बैठक आहूत की गई। जिसमें कार्यकर्ताओं को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# ज़िले के सभी मतदान केन्द्रों में आज होगा मतदाता शपथ

## कलेक्टर की अपील सभी मतदाता शपथ में शामिल हो

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में जिले के सभी मतदान केन्द्रों में 19 अगस्त शनिवार को मतदाता शपथ का आयोजन किया गया है। कलेक्टर ने जिले के सभी मतदाताओं को शपथ में शामिल होने की अपील की है। मतदान केंद्रों के शिविर में निर्वाचन कार्य भी होगा। शिविर में नये मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए फ ार्म 6 भरा जाएगा। इस दौरान गांव और शहर के सभी 18 वर्ष के नये मतदाता और कोई ऐसे मतदाता भी जिनका नाम मतदाता सूचीवोटर लिस्टद्ध में अब तक नहीं जुड़ पाया है, वो भी फार्म 6



### मतदान केंद्रों के शिविर में भी होगा निर्वाचन कार्य

भरकर मतदाता सूची में अपना जुड़वा सकते हैं। किसी व्यक्ति के मृत्यु या अन्य कारणों से मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फार्म.7 ,भर सकते हैं। इसी प्रकार गांव में शादी होकर आए नई बहुओं के लिए या अन्य व्यक्ति के एक क्षेत्र से किसी अन्य निर्वाचन क्षेत्र में स्थानांतरण के लिए और मतदाता परिचय पत्र के त्रुटि सुधार कार्य के लिए फ र्म.8 भर सकते हैं।

# कलेक्टर ने पत्रकारों को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई

## जिले के मतदाताओं को जागरूक करने मीडिया प्रतिनिधियों से मांगे सुझाव



जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत कलमकारों की लेखनी से मतदान के लिए प्रेरणा विषय पर गुरुवार की शाम को प्रेस वार्ता कलेक्टोरेट सभाकक्ष सारंगढ़ में आयोजित की गई। कलेक्टर डॉ.फ रिहा आलम सिद्दीकी ने पत्रकारों को जिले के निर्वाचन संबंधी कार्यों के बारे में जानकारी दी और मतदाता शपथ दिलाई।

इसके पहले कलेक्टर ने प्रेस वार्ता में मीडिया प्रतिनिधियों से सकारात्मक सहयोग की अपील करते हुए मतदाता जागरूकता के लिए आवश्यक सुझाव मांगे। साथ ही युवा वोटर्स को अधिकाधिक संख्या में जोड़ने अलग अलग रायशुमारी की। साथ ही प्राप्त सुझावों को निकट भविष्य में शामिल कर तत्परता से अमल करने के निर्देश इस संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज को दिए। वार्ता में सभी पत्रकारों ने जिला प्रशासन से सहयोग करने की बात कही। इस दौरान सहायक संचालक जनसंपर्क ने भी पत्रकारों को निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता और मीडिया की भूमिका तथा मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के बारे में संक्षिप्त जानकारी जानकारी दी।

जिले के हायर सेकेंडरी स्कूलों और कॉलेजों में हुआ मतदाता शपथ

# भटगांव के स्कूल-कॉलेज के मतदाता शपथ में शामिल हुई कलेक्टर डॉ- सिद्दीकी

## स्कूल-कॉलेजों के शिविर में मतदाताओं ने नाम जुड़वाया

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में शुक्रवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के तीनों विकासखंड बरमकेलाए सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के स्कूल.कॉलेजों में नये और ग्रामीण एवं शहरी मतदाताओं ने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए फ ार्म 6 भरा और मतदाता शपथ लिया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने बिलाईगढ़ विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलटिकरी में स्कूली बच्चेए जिनकी आयु 18 वर्ष हो गई है। उनको नये मतदाताओं के रूप में फार्म.6 भरने के लिए कहा और वहां उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणों को मतदान के लिए मतदाता शपथ दिलाई। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटगांव और शासकीय आरएनएम महाविद्यालय भटगांव में विद्यार्थियों को निर्वाचन के लिए मतदान के महत्व को समझाया। उन्होंने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटाने और सुधार करने के लिए फ ार्म.6,7 और 8 के बारे में जानकारी दी। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को लोगों में मतदान जागरूकता हेतु सामाजिक जनचेतना के लिए योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

साथ ही साथ डॉ. सिद्दीकी ने विद्यार्थियों का कैरियर निर्माण के लिए सतत् पढ़ाई करने और सारबिला अकादमी निःशुल्क कोचिंग में पढ़कर प्रतियोगी, नीट.जेइई आदि परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए कहा। इस अवसर पर एसडीएम डॉ. स्निग्धा तिवारी, बीईओ बिलाईगढ़ उपस्थित थे। सारंगढ़ विकासखंड के शासकीय लोचन प्रसाद पाण्डेय महाविद्यालय सारंगढ़ में नये मतदाताओं को जोड़ने के लिए शिविर में सारंगढ़ एसडीएम मोनिका वर्मा ने फॉर्म 6, 7 और फॉर्म 8 के बारे में जानकारी दी और सारंगढ़ के कॉलेज सहित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदी, गोड़म, भेड़वन, कोसीर आदि में मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फ ार्म.6 भरकर जमा किया गया। इसी प्रकार बरमकेला विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तौंसीर, बोन्दा, लेन्धरा, देवगांव, सरिया आदि में 18 वर्षीय विद्यार्थियों को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फार्म-6 भरकर जमा किया गया।



# अपर आयुक्त चौहान ने टिमरलगा, बटाउपाली और सालर के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।



बिलासपुर राजस्व संभाग के अपर आयुक्त और जिले के प्रभारी निर्वाचन अधिकारी केएल चौहान ने जिले के सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम टिमरलगा, बटाउपाली और सालर के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान से जुड़े कार्यों के साथ-साथ मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए फार्म-6, नाम हटाने के लिए फार्म-7 और निवास स्थानांतरण के लिए फार्म-8 की प्रगति रिपोर्ट की जांच की। प्रभारी अधिकारी चौहान ने बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ को निर्वाचन कार्यों के संबंध निर्देशित किया। इस दौरे में सारंगढ़ एसडीएम मोनिका वर्मा और तहसीलदार नेत्रप्रभा सिदार शामिल थी।

# केजरीवाल-मान 19 को रायपुर में टाउन हाल बैठक करेंगे

**रायपुर** । आम आदमी पार्टी तू डाल डाल, मैं पात-पात की तर्ज पर प्रदेश में कांग्रेस भाजपा का पीछा कर रही है। जोगी कांग्रेस की स्थिति को देखते हुए आम आदमी पार्टी की नजर उसके 6त्न वोट पर है। इसे हासिल करने पूरी ताकत के साथ छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयार है।पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवालवदो दिन बाद फिर छत्तीसगढ़ दौरे पर आने वाले हैं। वे 19 या 20 अगस्त को रायपुर मे टाउन हाल सम्मेलन में शामिल होंगे। उनके साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान के भी आने की खबर है। आज दोपहर बाद कार्यक्रम तय हो जाएगा। प्रदेश प्रमुख. कोमल हुपेंडी ने छत्तीसगढ़ से कहा कि केजरीवाल जी एक निजी होटल में टाउन हाल लेंगे। जहां प्रदेशभर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं जुटेंगे। आपको बता दें कि इससे पहले अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान छत्तीसगढ़ में दो बार चुनाव सभा कर चुके है. रायपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन और बिलासपुर में चुनावी सम्मेलन किया जा चुका है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में 2018 के बाद 2023 में भी आम आदमी पार्टी पूरे 90 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ने वाली है। इसके लिए पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार अभियान चला रही है।









स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in